विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 135 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 14 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236

P- 3

नोएडा में एआई से रिटायर्ड दरोगा से 2 लाख

P- 4

लखीमपुर में पुलिस कस्टडी में दलित की मौत, बवाल

P- 5

अमेरिका का दावा: इजरायल पर कभी भी हमला कर सकता है ईरान

P- 6

सैमसन और चहल को मिल सकता है टी20 विश्वकप में अवसर

हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
सरला- लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले। पप्पू- वह कैसे?
सरला- जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

शायरी

तपती धूप में कहीं बीमार ना पड़ जाऊं,
घर से बाहर जीने से तेरा रोकना याद है माँ.

अर्थसार

सेंसेक्स:
74,244.90
-793.25 (1.06%)
निफ्टी:
22,519.40
-234.40



मौसम

अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से
सूर्योदय सोमवार : 6 : 30
सूर्यास्त रविवार : 7 : 07

मणिपुर में फिर हिंसा, फायरिंग में 2 लोगों की मौत

दोनों कुकी समुदाय के; लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पहली घटना

इम्फाल। मणिपुर में 11 महीने (पिछले साल मई से) उपद्रव जारी है। शनिवार (13 अप्रैल) को एक बार फिर हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई। पूर्वी इम्फाल और कांगपोकपी जिले के बीच मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। बताया गया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे दोनों कुकी समुदाय से हैं। मरने वालों के नाम कम्मिनलाल लुफेंग (23), कामलेंगसैट लुंकिम (22) दोनों की कांगपोकपी जिले के रहने वाले थे।

लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग-अलग इलाकों में गोलीबारी हुई।

घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं। जवानों की टुकड़ियां इलाकों में सर्चिंग भी कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के चलते मणिपुर में एक्ट्रा सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

15 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह का दौरा

15 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह का मणिपुर दौरा है। ऐसे में ताजा हिंसा के कारण क्षेत्र में तनाव है। वहीं, 19 अप्रैल को पहले फेज में इनर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट के लिए वोटिंग होनी है। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों की तैनाती भी की है। इसके बावजूद हिंसा हो रही है।

कांगपोकपी जिले में 24 घंटे का शटडाउन घोषित

कुकी समुदाय के दो लोगों की हत्या के विरोध में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने कांगपोकपी जिले में 13 अप्रैल की मध्यरात्रि से 14 अप्रैल की मध्यरात्रि तक 24 घंटे का पूर्ण शटडाउन घोषित किया है।

CoT का दावा है कि 12 अप्रैल को शांतिपुर में भी कुकी समुदाय के एक व्यक्ति की मैतेई समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन और टीएमसी वर्कर में झड़प

मुर्शिदाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान झड़प हुई

बहरामपुर। मुर्शिदाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी वर्कर के बीच झड़प हो गई। झड़प के कुछ देर बाद ही टीएमसी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म × पर वीडियो शेयर किया। टीएमसी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा की अधीर गुंडागर्दी से चुनाव नहीं जीतेंगे। अधीर रंजन ने सफाई देते हुए कहा की जब मैं चुनाव प्रचार के बाद घर जा रहा था तो कुछ लोग आए और 'GO BACK' का नारा लगाने लगे और जब मैं कार से बाहर निकला तो वे कहने लगे कि मैंने पिछले 5 सालों में कुछ नहीं किया है।

डोडा में भीषण कार दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत, चार लोग घायल

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है. यहां एक भीषण कार दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रात करीब 8:30 बजे थाथरी फाग्सू रोड पर जा रही एक कार खाई में फिसल गई. कार में 10 लोग सवार थे. 6 लोगों की मृत्यु हो गई है. घटना की जानकारी लगते हुए आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी गई. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल डोडा में किया जा रहा है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार को उस समय हुई, जब डोडा जिले के थाथरी उपमंडल के फागसू इलाके के खानपुरा में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. एक अधिकारी ने बताया कि वाहन थाथरी से खानपुरा की ओर जा रहा था, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन खाई में गिर गया. उन्होंने कहा कि हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. चारों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. इससे पहले जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग और पहलगाम हिल स्टेशनों पर शनिवार को दो पर्यटकों की मौत हो गई, इनमें से एक अमेरिका से और दूसरा गुजरात से था. अधिकारियों ने कहा कि लाना मैरी नाम की अमेरिकी पर्यटक गांदरबल जिले के सोनमर्ग हिल स्टेशन के एक होटल में बीमार थी. अधिकारियों ने कहा, मैरी को सोनमर्ग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अधिकारियों ने कहा, शव सोनमर्ग के पीएचसी में रखा है. उन्होंने बताया कि गुजराती पर्यटक 63 वर्षीय वांगिकर अनघा को पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में होटल के अंदर बेहोश पाया गया।

आंध्र प्रदेश के सीएम पर पथराव

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन रेड्डी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जगन मोहन ने विजयवाड़ा में मेमंथा सिद्धम बस यात्रा निकाली थी। वे बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान उन पर फूलों के साथ पत्थर फेंके गए। YSRCP ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सीएम पर पत्थर फेंका, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। सीएम को प्राथमिक उपचार के लिए बस में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएम रेड्डी ने अपनी बस यात्रा फिर से शुरू की। पार्टी ने सीएम पर हमले को लेकर तेलुगु देशम पार्टी को जिम्मेदार ठहराया।

एमपी-यूपी-राजस्थान में बारिश, ओले भी गिरे

दिल्ली में धूलभरी आंधी - बूंदाबांदी, 22 फ्लाइट्स डाइवर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में गर्मी के मौसम के बीच बारिश, आंधी-तूफान और ओले गिरने का सिलसिला जारी है। शनिवार को एमपी के नर्मदापुरम, इटारसी समेत कई जगहों पर तेज बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान के जयपुर, अलवर, सीकर, बीकानेर, जमेर और श्रीगंगानगर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। नोएडा में धूलभरी आंधी चली। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में आज ओले गिर सकते हैं। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है।

राजधानी दिल्ली में शनिवार शाम को मौसम ने करवट बदली और धूलभरी आंधी चलने लगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। खराब मौसम के चलते यहां पहुंचने वाली 22 फ्लाइट्स को डाइवर्ट किया गया।

इनमें से 8 को लखनऊ, 9 को जयपुर, 2 को चंडीगढ़ और एक-एक फ्लाइट को वाराणसी, अमृतसर और अहमदाबाद भेजा गया।

रीजनल वेदर फोरकास्टिंग सेंटर के कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने के कारण आने वाले दो दिनों में तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

एफआईआर

सीबीआई ने रिश्वतखोरी में केस दर्ज किया; मेघा इंजीनियरिंग ने खरीदे थे 966 करोड़ के बॉन्ड

इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी बड़ी कंपनी पर एफआईआर

नई दिल्ली। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने हैदराबाद की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कंपनी इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने में दूसरे नंबर थी। कंपनी ने 966 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीद थे। यह एफआईआर रिश्वत से जुड़े मामले में की गई है।

सीबीआई के मुताबिक, एफआईआर में NISP और NMDC के 8 अधिकारियों और MECON के दो लोगों के नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि मेघा इंजीनियरिंग के जगदलपुर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में किए काम के 174 करोड़ रुपए के बिल पास करने के लिए इन अधिकारियों ने 78 लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

एफआईआर में कहा गया है कि जगदलपुर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में इंटेक वेल, पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के काम के 315 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में रिश्वतखोरी की बात सामने आई थी। एजेंसी ने 10 अगस्त 2023 को प्रारंभिक जांच शुरू की थी। प्रोजेक्ट मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पास था।

इलेक्टोरल बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है मेघा इंजीनियरिंग

1 मार्च 2024 को चुनाव आयोग

द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मेघा इंजीनियरिंग इलेक्टोरल बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार के रही थी। कंपनी ने भाजपा को लगभग 586 करोड़ रुपए की सबसे अधिक राशि का दान दिया था।

कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़, डीएमके को 85 करोड़ रुपए और VSRCP को 37 करोड़ रुपए का दान दिया था। टीडीपी को कंपनी से करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले थे। JD-S, जन सेना पार्टी और जे डी को 5 करोड़ रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक की छोटी रकम दी गई थी।

एफआईआर में एनआईएसपी और एनएमडीसी के इन अधिकारियों के नाम

रिटायर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रशांत दास, प्रोडक्शन डायरेक्टर डीके मोहांती, डीजीएम भुइंया, डीएम नरेश बाबू, सीनियर मैनेजर सुब्रो बनर्जी, रिटायर CGM (फाइनेंस) ए कृष्ण मोहन, जीएम (फाइनेंस) के. राजशेखर, मैनेजर (फाइनेंस) सोमनाथ घोष के नाम शामिल हैं। इन सभी पर 73.85 लाख रुपए की रिश्वतखोरी के आरोप हैं।

एजेंसी ने MECON लिमिटेड के दो अधिकारियोAGM (कॉन्ट्रैक्ट) संजीव सहाय और डीजीएम (कॉन्ट्रैक्ट) के. इलावर्सू को भी आरोपी बनाया है। इन दोनों ने NMDC के MEIL को 73 बिलों बदले में किए गए 174.41 करोड़ के पेमेंट के लिए 5 लाख रुपए रिश्वत खाई। इसके साथ ही एफआईआर में मेघा और चंद्रा कंपनी के इंजीनियरों को भी आरोपी बनाया है।

बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट- आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपियों की शनिवार (13 अप्रैल) को बेंगलुरु की स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी हुई। जहां से दोनों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। कोर्ट लाने से पहले दोनों को मेडिकल टेस्ट हुआ। एनआईए ने 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले से दोनों को गिरफ्तार किया था। इनके नाम अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब हैं। 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर लाए गए दोनों आरोपियों को पहले बेंगलुरु के फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी डायरेक्टरेट में रखा गया। एनआईए के मुताबिक, 1 मार्च को शाजिब ने कैफे में आईईडी रखा था,

जबकि ताहा ने इसका पूरा प्लान तैयार किया था। एनआईए ने 5 अप्रैल को बताया था कि मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। दोनों ही कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। शनिवार को ताहा और शाजिब का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वे कोलकाता ड्रीम गेस्ट हाउस में 23 मार्च को होटल बुक करते नजर आ रहे हैं।

गोवा में 5 साल की बच्ची से रेप, फिर हत्या

पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया; घर से गायब थी लड़की

पणजी। साउथ गोवा के वास्को एरिया में 5 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। पहले उसके साथ रेप किया गया था। बच्ची का शव 12 अप्रैल को मिला। परिवार के मुताबिक, बेटी घर से गायब थी। उसकी तलाश की गई, इसी दौरान उसका शव मिला था।

घटना सामने आने के बाद पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है। बच्ची का शव जहां मिला था, यह लोग वहां बन रही एक इमारत में काम करते हैं। पुलिस ने कहा कि मजदूरों से पूछताछ की जा रही है। परिवार का आरोप था कि रेप के बाद बेटी की हत्या की गई है।

पुलिस कर रही मामले की जांच

मामले पर जानकारी देते हुए साउथ

एसपी सुनीता सावंत ने कहा कि घटना 12 अप्रैल की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी 5 साल की बेटी घर के गायब हो गई थी। तलाश के दौरान परिवार को बच्ची वाड्डेम इलाके में मिली थी। परिवार के लोग उसे तत्काल ही चिकालिम उप-जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची की रेप के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

एसपी ने आगे कहा कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है। जहां बच्ची का शव मिला था, ये लोग वहीं पर निर्माणाधीन इमारत में काम करते हैं। इन लोगों के अलावा पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वास्को पुलिस ने आईपीसी की धारा 376, 302 के तहत यौन उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज किया है। पास्को अधिनियम के तहत और गोवा बाल अधिनियम की भी धाराएं लगाई गई हैं।

हरियाणा में यूट्यूबर कपल ने खुदकुशी की

बहादुरगढ़। हरियाणा के बहादुरगढ़ में शनिवार सुबह एक सोसाइटी की 7वीं मंजिल से गिरकर युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

दोनों यूट्यूबर थे और लिव-इन में रहते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि खुदकुशी करने से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। कुछ समय पहले दोनों देहरादून से अपनी टीम के साथ बहादुरगढ़ आए थे। दोनों वीडियो बनाकर फेसबुक और यूट्यूब पर पोस्ट करते थे। फिलहाल वह बहादुरगढ़ शहर की रुहिल रेजीडेंसी सोसाइटी के 701 नंबर फ्लैट में रह रहे थे। गर्वित शनिवार सुबह ही यहां आया था।

अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ हो कार्रवाई

शराब उत्पादन और बिक्री का व्यापार एक बड़ा और लाभकारी व्यापार है, लेकिन कुछ लोग इसे नियमों का पालन किए बिना और अवैध रूप से शराब उत्पादित करके अपना लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। इस अवैध शराब उत्पादन के व्यापार में सहयोगी भी होते हैं, जो इस अपराधिक गतिविधि में शामिल होकर इसे बढ़ावा देते हैं।

शराब उत्पादन के कानूनी तौर पर नियमों की उल्लंघना अवैध शराब उत्पादन के रूप में जाना जाता है। यह गैरकानूनी गतिविधि होती है जिसमें शराब के निर्माता नियमों का पालन नहीं करते हैं और असुरक्षित या अवैध तरीके से उसे उत्पादित करते हैं। यह शराब सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाता है और समाज को नुकसान पहुंचाता है।

अवैध शराब उत्पादन के बाहरी प्रभाव

स्वास्थ्य जोखिम : अवैध शराब में आमतौर पर अनुमोदित केमिकल्स का उपयोग नहीं होता है, जिससे यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। इसमें नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभाव जैसे कि मौत, निर्ममता, गंभीर बीमारियाँ और अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

आर्थिक नुकसान : अवैध शराब उत्पादन से सरकार को आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि यह बिना किसी कानूनी शुल्क या टैक्स के बिक्री होता है। इससे शारीरिक और सामाजिक संरक्षण के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी प्रभावित किया जाता है।

सामाजिक असुरक्षा : अवैध शराब उत्पादन सामाजिक असुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है। इसके उपभोक्ताओं को असुरक्षित और अस्थायी विकल्पों का सामना करना पड़ सकता है, जो उनके परिवार और समाज को भी प्रभावित कर सकता है।

अवैध शराब उत्पादन के कारण

लाभ की भूख : अवैध शराब उत्पादन के पीछे लोगों की लाभ की भूख होती है। वे कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करना चाहते और अपने लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

नियमों की अवहेलना : कुछ लोग नियमों की अवहेलना करते हैं और कानून की पालना नहीं करते, जिससे वे अवैध शराब उत्पादन के रास्ते चुनते हैं।

आर्थिक मदद : कई बार, आर्थिक मदद की अभाव में लोग अवैध शराब उत्पादन के मार्ग का सहारा लेते हैं। यह उनके आर्थिक स्थिति को सुधारने का एक माध्यम बन जाता है, हालांकि यह एक असामाजिक और अवैध गतिविधि है। अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई का महत्व बहुत है ताकि समाज में न्याय और कानून की स्थिति बनाए रखा जा सके।

कानूनी नियमों का पालन : अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई करने से कानूनी नियमों का पालन होता है, जिससे समाज के साथ-साथ आर्थिक और स्वास्थ्य तंत्र को भी सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है।

जागरूकता फैलाना : अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई से सामाजिक जागरूकता फैलती है और लोगों को इस अपराधिक गतिविधि के खतरों के बारे में जागरूक करती है।

14 अप्रैल जयन्ती पर विशेष

महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.आम्बेडकर

रमेश सर्राफ धमोरा

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवत: पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरुआत ही 'शिक्षित करो' से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया।

अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे।

आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। हर वर्ष 14 अप्रैल व 6 दिसम्बर को मुम्बई स्थित उनके स्मारक पर हर साल काफी लोग उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं। बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना हैं।

टाईम पास

जासूसी साफ्टवेयर के जरिए फोन में सेंधमारी

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी।

अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें।

यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था।

इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है।

एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी।

करीब तीन साल पहले भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब खासा बवाल मचा था। सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी यह मामला ज्यादा गंभीर बन गया था।

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी।

यह साफ्टवेयर दरअसल एक प्रकार का गुप्त भेदिया है, जो ग्राहक की नजरों से ओझल रह कर उसके फोन के जरिए उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है।

इस साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है।

काकुरो पहेली - 3151



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3150 का हल

हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'

दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.

'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □

पत्नी-'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'

पति-'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.

एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.

रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा-''नाखुश हो गए ?''

''नहीं.''

रमेश जल्दी से बोला-''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली-3151



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी ?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी ?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3150

सूडोकु -3151

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3150 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

शब्द पहेली - 3151



बाएँ से दाएँ

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

ऊपर से नीचे

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

शब्द पहेली -3150 का हल



बायर्स रजिस्ट्री कराने में नहीं ले रहे रुचि

नोएडा में बायर्स ने फ्लैट को किराए पर दिया, मूल पते पर रजिस्ट्री के लिए भेजे जा रहे नोटिस

नोएडा। नोएडा में फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री कराने के प्रयास किए जा रहे है। इस सिलसिले में अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के साथ अब तक कुल 57 बिल्डर में से 42 बिल्डरों ने कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत जमा कराने की सहमति दी गयी है। जिनमें 15 बिल्डरों द्वारा 10 अप्रैल 2024 तक कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि जमा करा दी गयी है। इन 15 बिल्डरों को लगभग 1400 रजिस्ट्री करवानी है। लेकिन अभी तक मात्र 325 रजिस्ट्री ही बिल्डरों द्वारा कराई गई।

बैठक में बिल्डरों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सभी रजिस्ट्री जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन फ्लैट बायर्स द्वारा रजिस्ट्री कराने में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे है। कुछ बायर्स देश से बाहर हैं, कुछ बायर्स द्वारा फ्लैट को किराये पर दिया हुआ है। बायर्स को उनके मूल पते पर रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे है। बिल्डर द्वारा आश्वासन दिया गया कि नवरात्रि में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्री करा दी जाएगी।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-3, सेक्टर-78, नोएडा के आवंटी आईआईटीएल निंबस के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें स्वीकृत 218 रजिस्ट्री में से 148 रजिस्ट्री अवशेष बची हैं। जिनमें 41 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-3डी, सेक्टर-144, जीएच-3सी, सेक्टर-144 एवं जीएच-3/ए, सेक्टर-143, नोएडा के आवंटी गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी तीनों परियोजनाओं में कुल स्वीकृत 316 रजिस्ट्री में से 226 रजिस्ट्री शेष बची हैं, जिनमें 25 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-1/ई, सेक्टर-168 के आवंटी मैसर्स कैपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 68 रजिस्ट्री में से 38 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अंत तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच 4, सेक्टर-108 के आवंटी मैसर्स डिवाइन इंडिया इंफ्रा स्ट्रक्चर प्रालि के प्रमोटर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 35 रजिस्ट्री में से 17 रजिस्ट्री अवशेष बची हैं। इनका रजिस्ट्रेशन माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया है।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-12/ए, ईकोसिटी सेक्टर-75 के आवंटी मैसर्स ऐपेक्स ड्रीम होम्स प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया।

कुल स्वीकृत 154 रजिस्ट्री में से 20 रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया। अन्य बायर्स को भी नोटिस देकर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बिल्डर्स को यह भी आश्वासन दिया गया कि यदि रजिस्ट्री कराने हेतु बिल्डर परियोजना के कैंपस में अथवा इंदिरा गांधी कला केन्द्र, सेक्टर-6, नोएडा में रजिस्ट्री कैंप भी लगाने की आवश्यकता होगी तो लगाया जाएगा।

सेंट्रल नोएडा मे बदमाशों ने महिला से चेन लूटी

दो बार स्कूटी में टक्कर मारी, लोगों के दौड़ने पर गाड़ी छोड़कर दीवार फांदकर भागे

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। स्कूटी सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला से चेन लूट का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर अन्य लोग इकट्ठा हो गए और बदमाश मौके पर स्कूटी को छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान महिला की आधी चेन टूटकर गिर गई, जबकि आधी को बदमाश लेकर फरार हो गए।

सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्टेलर सोसायटी में रहने वाली विंसेंट सुबह के समय अपनी स्कूटी में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रही थीं। जैसे ही वो ओमिकरोंन 3 सेक्टर के पास पहुंची तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए और उन्होंने महिला को टक्कर मारने की कोशिश की, लेकिन महिला बच गई।

बदमाशों ने दोबारा से टक्कर मारने की कोशिश की और महिला की चेन लूटने का प्रयास किया, जिस पर महिला ने विरोध किया और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग बदमाशों की तरफ भागने लगे, जिस पर बदमाश घबरा गया और वह महिला की गले की चेन तोड़कर हथियार दिखाकर भगाने लगे, लेकिन आधी चेन महिला के हाथ में ही रह गई, जबकि आधी चेन बदमाश लेकर भागने लगे।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

स्कूटी सवार बदमाशों ने देखा कि चारों तरफ से लोग उनकी तरफ आ रहे हैं, जिस पर उन्होंने स्कूटी को पास ही की दीवार के पास झाड़ी में फेंक दिया और दीवार को कूदकर भाग गए। हालांकि लोगों ने उनके पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिले। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। सूरजपुर थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि एक महिला से लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। बदमाश स्कूटी को मौके पर छोड़कर फरार हुए हैं। उस स्कूटी की जांच की जा रही है। इसके अलावा आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

शार्ट न्यूज

घर के बाहर खड़ा बच्चा हुआ घायल

ग्रेटर नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र में शुक्रवार रात घर के बाहर खड़ा 12 साल का बच्चा घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना जारचा क्षेत्र के गांव छोलस में अंसार परिवार के साथ रहते हैं। उनका 12 साल का बेटा मोहम्मद अली कक्षा सात का छात्र है। शुक्रवार रात अली घर के बाहर खड़ा था। अचानक वह चीखने चिल्लाने लगा। परिजन उसे लेकर तुरंत नजदीक के अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। एडीसीपी ने बताया कि बच्चे के जांघ में चोट पाई गई थी। डॉक्टरों द्वारा बच्चे का एक्स-रे भी किया गया था। बच्चा कैसे घायल हुआ है इसकी जांच की जा रही है। उनके द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे को लेकर तीन टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

इंजीनियरिंग कॉलेज में 16वां डिग्री वितरण-पुरस्कार समारोह का आयोजन

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ए. बी.ई.एस इंजीनियरिंग कॉलेज में 16वा डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में साल 2022-23 में पास हुए बीटेक एमटेक एमसीए और एमबीए के 1239 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसी के साथ 65 अन्य मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर तरुण कुमार अरोड़ा ने बताया की समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी पांडे कुलपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आलोक जैन वैज्ञानिक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन रक्षा मंत्रालय भारत द्वारा किया गया। इस दौरान एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर डीके शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी पांडे ने कहा कि यह समारोह हमें विद्यार्थियों को उनके द्वारा किए गए कठिन परीक्षा में एवं सफलता को सम्मानित करने का मंच प्रदान करता है। साथ ही यह भी समझना चाहिए कि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सन 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्था बनने में सभी युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

गाजियाबाद में झुग्गियों में भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम के मकनपुर क्षेत्र में बसी झुग्गियों में भीषण आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। लेकिन आग के चलते झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फटे जिनकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी गई। आग इतनी भीषण लगी है कि गौतमबुधनगर से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी है। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि थाना इंदिरापुरम के मकनपुर में बनी झुग्गियों में आग लग गई है। यहां तकरीबन 100 झुग्गियां है। जिनमें से 25 से 30 से झुग्गियां जलकर राख हो गई हैं। साथ ही झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फटे हैं। हालांकि गनीमत यह रही है कि किसी तरह की जान की हानि नहीं हुई है। सबको पूर्ण रूप से रेस्क्यू कर लिया गया है। आग इतनी भीषण थी कि 10 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई है। गौतमबुद्धनगर से भी दमकल की गाड़ी बुलाई गई है। गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से पांच गाड़ियां भेजी गई साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो और कोतवाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मंगवाई गई है। दो तरफ से होज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। बची हुई झुग्गियों मे रखे सिलेंडर बाहर निकाल लिए गए हैं।

गाजियाबाद में घर के बाहर रखी टाइल्स-टूटने को लेकर बवाल : गाड़ी में तोड़फोड़, 2 घायल

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में कार सवार को टोकना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित युवक का घर बन रहा है और उसके घर के बाहर टाइल्स रखी थी। लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक शख्स ने टाइल्स तोड़ दी। परिवार ने जब इस पर आपत्ति जताई तो उसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर हमला बोल दिया। पीड़ित की गाड़ी तोड़ दी और गाड़ी में बैठे दो लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के खुशहाल पार्क के रहने वाले खालिद ने बताया की एक पोलो कार में सवार तीन व्यक्ति शौकत, परवेज और कुर्बान उनके घर के बाहर से गुजर रहे थे। इसी दौरान उसके घर के बाहर रखी टाइल्स उनकी गाड़ी से टूट गई। इस पर आपत्ति करने पर उसकी माता के साथ तीनों ने दुर्व्यवहार किया। स्थानीय लोगों ने तीनों को समझा बूझकर भेज दिया। कुछ देर बाद जब खालिद अपने दोस्त गुड्डू के साथ अपनी स्कॉर्पियो कार में जा रहा था तो इस दौरान इन तीनों ने उसकी कार को घेर लिया और कार तोड़नी शुरू कर दी। इन दोनों को जबरदस्ती बाहर निकलने क का प्रयास किया गया। बाहर न निकलने पर कार के अंदर ही इन्हें पीटा गया। जिससे यह दोनों घायल हो गए हैं।

गाजियाबाद में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है। वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश पर पुलिस के मुताबिक 15 मुकदमे हैं। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने दिल्ली से चोरी हुई मोटरसाइकिल नगदी तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अपराधिक घटनाओं को रोकने और चुनाव के मध्य नजर पुलिस थाना शालीमार गार्डन के राजेंद्र नगर सेक्टर 3 में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको रोकने का इशारा किया तो वह बाइक घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने भी उनका पीछा किया। पुलिस को पीछा आते देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाई फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ है। वही दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम फैजल उर्फ मेंटल बताया। घायल बदमाश गाजियाबाद का रहने वाला है।

सैनिक की पत्नी से मोबाइल और नकदी लूटी

मोदीनगर। मोदीनगर क्षेत्र में बदमाशों के हौंसले बुलन्द है। बाइक सवार दो बदमाशों ने दोपहर बच्चों को स्कूल लेने गई सैनिक की पत्नी से मोबाइल और नकदी लूट ली। महिला ने शोर मचाया, तब तक आरोपी फरार हो गए। निवाड़ी मार्ग स्थित आरएन एंक्लेव निवासी रेखा ने बताया कि उनके पति सेना में तैनात है। दोपहर एक बजे के आसपास रेखा बच्चों को स्कूल से लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो बाइक सवारों ने रेखा से पर्स लूट लिया। पर्स में मोबाइल, पांच सौ रूपये की नकदी और घर की चाबी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रेखा को धक्का देकर फरार हो गए। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। बतादें कि बीते बुधवार को नगर के महेश मार्ग से कूरियर देने के बहाने बाइक सवार बदमाश युवती से मोबाइल लूट ले गए थे। इसी दिन कस्बा निवाड़ी में बदमाशों ने विवाहिता को बंधक बनाकर लाखों के गहने और नकदी लूट ली थी।

70 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

7 लाख बताई गई अनुमानित लागत, उड़ीसा से तस्करी कर लाए थे नोएडा

नोएडा। थाना फेस 2 नोएडा पुलिस व नारकोटिक्स सैल ने संयुक्त रूप से अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 03 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 70 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी गांजा की कीमत करीब 7 लाख बताई जा रही है। ये गांजा बाइक से तस्करी कर ले जाया जा रहा था। संयुक्त टीम शुक्रवार रात में गश्त व चैकिंग कर रही थी। इस दौरान गंदा नाला रोड़ शमशाम घाट के पीछे से 2 लोग आते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के रोका तो भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान इरफान और अलीमुल मलिक हुई। दोनों के पास से 22-22 किलो अवैध गांजा व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद की गई। पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि ये लोग उड़ीसा से गांजा की तस्करी कर यहां लाए थे और ऑन डिमांड एनसीआर क्षेत्र में बेचते है। दोनों ने बताया कि उनका एक साथी गांजा के साथ जेपी फ्लाई ओवर के पास खड़ा है। इसी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तीसरे तस्कर निताई सरकार को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 26 किलो नाजायज गांजा एक कट्टा में बरामद किया गया।

नोएडा में एआई से रिटायर्ड दरोगा से 2 लाख ठगे

अमेरिका में रह रहे साले के बेटे की निकाली आवाज, वॉयस क्लोनिंग का मामला

नोएडा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के सहारे अमेरिका में रह रहे साले के बेटे की हूबहू आवाज निकालकर जालसाज़ ने यूपी पुलिस से रिटायर्ड एसआई के साथ दो लाख रुपए की ठगी कर ली। वाइस क्लोनिंग का यह शहर में दूसरा मामला है। सेक्टर-20 पुलिस ने अज्ञात जालसाज़ के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अमेरिका में नौकरी कर रहे व्यक्ति के रोने की आवाज भी जालसाज़ ने तकनीक के जरिए शिकायतकर्ता को

सुनाई ताकि उसे डराकर पैसे ऐंठे जा सकें। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-20 के बी ब्लॉक में रहने वाले रंजीत सिंह ने बताया कि वह नोएडा में पुलिस विभाग के एसआई पद से रिटायर्ड हैं। रंजीत के साले का बेटा अमेरिका में रहकर नौकरी करता है। बचपन से वह रंजीत के साथ ही रहा था ऐसे में वह रंजीत को पापा बोलता है। पांच अप्रैल को रंजीत के पास अनजान नंबर से एक कॉल आई।

कॉल उसके अमेरिका में नौकरी करने वाले साले के बेटे की थी। बेटे ने कहा कि उसका अमेरिका में एक्सीडेंट हो गया है। उसने एक वकील किया है। इसके लिए उसे दो लाख रुपए की आवश्यकता है। उसने एडवोकेट का खाता नंबर भी दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने संबंधित खाते में दो लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने बेटे का हालचाल लेने के लिए उसके दोस्त को फोन किया तो पता चला कि उसके बेटे को कुछ नहीं हुआ है और न ही उसने कॉल की थी। बेटे से बात करने के बाद शिकायतकर्ता को ठगी की जानकारी हुई।

शिकायतकर्ता ने जब दोबारा जालसाज़ के नंबर पर कॉल की तो वह बंद आने लगा। जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है।

नोएडा में कार से खींचकर युवक को जमकर पीटा

सेक्टर-126 का बताया गया वायरल वीडियो, पुलिस कर रही जांच

नोएडा। नोएडा में स्टंट बाजी के बाद मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सेक्टर-126 सेक्टर के आसपास का बताया जा रहा है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। बता दे इससे पहले भी इस रोड पर कई बार मारपीट के वीडियो वायरल हो चुके है।

ये वीडियो करीब 45 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक कार सड़क किनारे खड़ी है। उसकी ड्राइवर सीट का गेट खुला है। उस गेट पर तीन युवक खड़े है। तीनों अंदर बैठक युवक से बात कर रहे है। कुछ सेकेंड के बाद

तीनों लड़के अंदर बैठे युवक को बाहर खींचने का प्रयास करते है।

पहले कार के अंदर घूसे मारते है। बाहर निकलते ही युवक की तीनों लड़के मिलकर जमकर पिटाई करते है। वहीं पास में खड़ा चौथा लड़का भी युवक को पीटता है। इसके बाद चारो लड़के फरार हो गए।

कुछ सेकेंड बाद कार के पीछे बैठी एक लड़की बाहर आती है और जमीन पर पड़े युवक को उठाती है। ये वीडियो वहां खड़े लोगों ने बताया और पुलिस को टैग किया। बता दे ये एरिया सेक्टर-126 के आसपास एमिटी यूनिवर्सिटी का है।

हालांकि हम इसकी पुष्टि नहीं करते कि ये छात्र एमिटी के है या किसी कंपनी में काम करने युवक। बहरहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जांच कर रही है। अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है।

नोएडा में हर महीने 4 सेक्टर होंगे गार्बेज फ्री

नोएडा। नोएडा में हर महीने चार सेक्टरों को जीरो गार्बेज सेक्टर बनाने का टारगेट तय किया गया है। इससे पूरे शहर को जीरो गार्बेज सिटी बनाया जाएगा। इसके निर्देश सीईओ ने जन स्वास्थ्य विभाग के साथ एक बैठक में दिए। सीईओ लोकेश एम ने साफ-सफाई को लेकर सख्त रुख अपना रखा है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ और सर्विस रोड पर विशेष अभियान चलाकर जंगली घास, झाड़ियां की सफाई 10 दिन में पूरी कर ली जाए। अन्यथा ठेकेदार कंपनी पर भारी जुर्माना और उनको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी सफाई कर्मी वर्दी में ही कार्य स्थल पर मौजूद रहेंगे। जो भी अपने ड्यूटी टाइम और वीट एरिया में नहीं मिला उसको सीधा हटा दिया जाएगा। सभी परियोजना अभियंता, अवर अभियंता और स्वास्थ्य निरीक्षक सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे। अगर उनके क्षेत्र में कूड़े के ढेर अथवा सफाई में कमी मिली तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन सोसाइटी में बल्क वेस्ट जनरेट निकलता है और अपना कूड़ा, गंदा पानी नालों में डाला जा रहा है उनका सर्वे किया जाए उनको नोटिस जारी किया जाए और कठोर कार्यवाही की जाए। नोएडा में अलग-अलग सेक्टरों में विकेंद्रीय कृत म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट के निपटारे के लिए 40-40 टन क्षमता के 5 प्रोसेसिंग प्लांट का प्रस्ताव तैयार किया जाए। नोएडा के सभी नालों में बार स्क्रीन लगाकर फ्लोटिंग मटेरियल को निकालने का काम किया जाए।

बीटेक छात्र समेत दो ने की आत्महत्या

नोएडा। शहर में अलग-अलग स्थानों पर बीटेक छात्र समेत दो लोगों ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रायपुर के पीजी और चोटपुर गांव में हुई दोनों घटनाओं में सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। मूल रूप से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी आयुष प्रताप सिंह सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह रायपुर गांव स्थित पीजी में अकेले रहता था। शुक्रवार शाम को पीजी संचालक ने पुलिस को सूचना दी कि आयुष ने काफी देर से अंदर से कमरा बंद कर रखा है। दरवाजा तोड़ने पर कमरे में आयुष का शव पंखे से लटका दिखा। सूचना मिलते ही उसके परिजन नोएडा आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में छात्र के दोस्तों ने बताया कि आयुष कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं चोटपुर कॉलोनी निवासी राजीव (40) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजीव पत्नी और साले के साथ रहते थे। घटना के समय राजीव की पत्नी और साला किसी काम से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो उन्हें राजीव फांसी के फंदे पर लटका दिखे। कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार के अंदर से 2.85 लाख की नकदी बरामद

चिल्ला बार्डर पर हो रही थी चैकिंग, लेडीज पर्स में रखी थी नगदी

नोएडा। स्थिर जांच दल (एसएसटी) और उड़न दस्ते (एफएसटी) की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक कार के अंदर से दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी बरामद कर ली। जिस अर्टिगा कार से नकदी बरामद हुई है उसे बदायूं निवासी इमरान चला रहा था। नकदी संबंधी दस्तावेज न दिखाने पर टीम ने रकम को सीज कर दिया है। एफएसटी टीम-2 के प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि टीमें चिल्ला बॉर्डर के पास बैरियर

लगाकर चेकिंग कर रही थीं।

दिल्ली के नंबर की अर्टिगा कार उधर से गुजरी। वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी मिली। कार के अंदर नीले रंग की लेडीज पर्स में पांच-पांच सौ के 570 नोट रखे हुए थे। कार चालक इमरान से कैश के संबंध में कागजात दिखाने को कहा गया पर वह नहीं दिखा सका। कोई अन्य ऐसा साक्ष्य भी कार चालक द्वारा नहीं मुहैया कराया गया जिससे इसकी पुष्टि हो सके कि कैश उसी का है।

ऐसे में टीमों ने कैश को सीज करते हुए दनकौर के जीडी में अग्रिम कार्रवाई के लिए दाखिल कराया है। लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी काली कमाई को न खपा सके इसके लिए चुनाव आयोग की कैश पर सख्त निगरानी है। पुलिस कमिश्नर और जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में एसएसटी और एफएसटी की टीमें जनपद के सभी जगहों पर सक्रिय हैं।

25 हजार धारकों ने एक वर्ष में बंद कराए क्रेडिट कार्ड

नोएडा। भारी भरकम ब्याज से परेशान करीब 25 हजार क्रेडिट कार्ड धारकों ने बीते वित्तीय वर्ष में अपने क्रेडिट कार्ड बंद करा दिए हैं। इसके पीछे बैंक अधिकारियों ने कई वजह बताई है। मुख्य वजह इसपर लगने वाला ब्याज ही बताया जा रहा है। जहां एक ओर क्रेडिट कार्ड की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है वहीं, दूसरी ओर अब ऐसे लोग भी सामने आ रहे हैं जो इसपर लगने वाले ब्याज से परेशान हो गए हैं। जिले में पांच लाख से अधिक एक्टिव क्रेडिट कार्ड हैं। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ती जा रही है। जाहिर है कि क्रेडिट कार्ड पर ब्याज तभी लिया जाता है, जब उपभोक्ता क्रेडिट कार्ड के पूरे बिल का भुगतान नहीं करते या जब आप कैश एडवांस लेते हैं। सबसे अधिक ब्याज तब ही लगता है जब काफी समय तक उपभोक्ता पैसा जमा नहीं करते हैं ऐसी स्थिति में बैंक भारी भरकम ब्याज लगाते हैं।

क्रेडिट कार्ड कैंसिल कराने वालों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने काफी समय से बिल का भुगतान नहीं किया था। लेकिन अंत में भुगतान करने के बाद उन्होंने क्रेडिट कार्ड बंद करवा दिया।

लीड बैंक मैनेजर विदुर भल्ला बताते हैं कि क्रेडिट कार्ड बंद कराने वालों में कई तरह के लोग शामिल हैं पहले वह जिन्होंने ब्याज की वजह बताकर कार्ड बंद करा दिया। दूसरे वह जिसे किसी अन्य बैंक द्वारा अच्छा ऑफर मिला।

कैसे बंद करा सकते हैं क्रेडिट कार्ड

1- सबसे पहले अपना बकाया चुकता करें

2- अपने रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम करें

3- स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन चेक करें

4- बैंक को जानकारी देकर उसे बंद करा सकते हैं

अपने क्रेडिट कार्ड को बंद करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप उसे तिरछा काट दें. वरना अगर वह किसी गलत हाथ में आ गया तो मुमकिन है कि उससे आपकी कुछ जानकारियां चुराई जा सकती हैं या फिर हो सकता है कि आपके नाम पर कोई फ्रॉड ही हो जाए. कार्ड को सिर्फ डस्टबिन में ना फेंकें, पहले उसे काटें, उसके बाद ही फेंकें।

इसके अलावा इनमें वह उपभोक्ता भी शामिल हैं जो कई क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं इस वजह से उन्होंने क्रेडिट कार्ड को बंद करा दिया। क्रेडिट कार्ड बंद कराने में कोई बुराई नहीं है अगर आपको लगता है कि आप क्रेडिट कार्ड का बिल भरने में सक्षम नहीं है तो इसे बंद कराया जा सकता है। कई लोग क्रेडिट स्कोर को ठीक रखने के लिए भी ऐसा करते हैं।

सुरक्षाकर्मियों ने फिर की हड़ताल, एक घंटे बंद रखा गेट

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसाइटी के सुरक्षाकर्मियों ने वेतन नहीं मिलने पर शनिवार सुबह फिर से काम बंद कर हड़ताल कर दिया। दो दिन पहले भी सुरक्षाकर्मियों ने हड़ताल की थी। तब एक दिन में वेतन देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बिल्डर ने वेतन नहीं दिया। वहीं सुरक्षाकर्मियों ने एक घंटे तक सोसाइटी का गेट भी बंद रखा। जिससे निवासियों को परेशानी हुई। वेतन मिलने पर दोपहर बाद सुरक्षाकर्मी काम पर लौटे।

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 50 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। उनको तीन माह से वेतन नहीं मिला था। शनिवार सुबह 8 बजे सुरक्षाकर्मियों ने फिर से हड़ताल कर दी। इस दौरान गेट करीब एक घंटे तक बंद रहा। किसी को भी बाहर नहीं जाने दिया गया। सोसाइटी की एओए ने सुरक्षाकर्मियों को समझाकर गेट खुलवाया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने काम शुरू नहीं किया। सोसाइटी में अनजान लोग बिना जांच के अंदर आ-जा रहे थे। जिससे निवासियों को सुरक्षा कर डर सताता रहा। आरोप है कि बिल्डर के कारण निवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दोपहर में करीब तीन बजे वेतन मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने सोसाइटी की सुरक्षा का जिम्मा संभाला।

कुर्की के लिए पूर्व मंत्री अमरमणि के घर पहुंची टीमें

राहुल अपहरण केस में कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई, दफ्तर के दो कमरों को किया सील

महराजगंज। महराजगंज के नौतनवा में पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी के आवास पर कुर्की की कार्रवाई के लिए प्रशासन की टीम पहुंची। यहां पैमाइश के बाद दफ्तर के दो कमरों को सील कर दिया गया। 22 साल पुराने बस्ती अपहरणकांड मामले में पूर्व मंत्री के कोर्ट में पेश नहीं होने पर शनिवार को कोर्ट के आदेश पर बस्ती की टीमें नौतनवा स्थित उनके घर पहुंची। अमरमणि त्रिपाठी के आवास पर लोगों से पूछताछ की। पैमाइश के बाद सील की कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।

बता दें कि 6 दिसंबर 2001 को बस्ती के व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल के अपहरण मामले में पुलिस ने व्यापारी के बेटे को लखनऊ में अमरमणि त्रिपाठी के घर से बरामद किया था। इस मामले में अमरमणि समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

अमर मणि त्रिपाठी मधुमिता हत्याकांड में जेल से छूटने के बाद भी इस मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। ऐसे में अब कोर्ट के आदेश पर बस्ती की टीम के साथ नौतनवा, सोनौली समेत नौतनवा तहसील से राजस्व विभाग की टीम उनके आवास पर पहुंची है।

अमरमणि त्रिपाठी के कार्यालय पर पहुंच कर टीमें यह जांच पड़ताल कर रही हैं कि पूर्व मंत्री के नाम से कितनी संपत्ति है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गहमा-गहमी का माहौल बना हुआ है।

आपत्तिजनक चित्र छपे उत्पाद पर वर्ग विशेष के लोगों ने किया हंगामा

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के उतरौला कोतवली इलाके के कस्बा बाजार में स्थित एक नामचीन मॉल में अपने धार्मिक स्थल के छपे चित्र के पावदान की बिक्री पर भड़के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मॉल के सामने शुक्रवार रात जमकर हंगामा किया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि कस्बे में संचालित एक मॉल में धार्मिक चित्र छपे पावदान को देखकर एक विशेष समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शकारियों को समझा बुझा कर शांत करा दिया द्य उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मिली शिकायत पर जांच करायी जा रही है प्रकाश में आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी । एएसपी ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

विंध्याचल नवरात्रि मेला में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

विंध्याचल (मिर्जापुर)। उत्तर प्रदेश के विंध्याचल में लगने वाला नवरात्रि मेला अब पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। पूरा मेला क्षेत्र मां के जयकारे से गूंज रहा है।अब तक दस लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शनार्थी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर चुके हैं।

नौ दिन के नवरात्र मेले में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। देश के विभिन्न इलाकों से आ रहे हैं। मेले में भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। इस बार मेला सुरक्षा व्यवस्था में एटीएस के जवान तैनात किए गए हैं।

काशी प्रयाग दो तीर्थक्षेत्र के मध्य स्थित विंध्याचल सिद्धपीठ का महात्म्य हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों में मिलता है। देश के अन्य शक्ति पीठों में मां विंध्यवासिनी देवी की अलग मान्यता है। भक्त विश्व प्रसिद्ध त्रिकोण यंत्र की परिक्रमा कर मां विंध्यवासिनी, मां काली और सरस्वती देवी के दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस यंत्र के पूर्व कोण पर ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी रुप मे विराजमान हैं तो दक्षिण में शत्रु संघारिणी मां काली विराजमान हैं पश्चिम में ज्ञान की देवी योगमाया मां सरस्वती देवी निवास करती हैं। श्रद्धालु इस त्रिकोण यंत्र की परिक्रमा कर मां लक्ष्मी,काली और सरस्वती देवी के दर्शन पूजन करते हैं।

चौदह वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र में एक अनूठा दृश्य है। भक्त प्राकृति हरितिमा के बीच विंध्य पर्वत और मां गंगा के सन्धि क्षेत्र में स्थित विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी की अभ्यर्थना करने से पहले गंगा स्नान करते हैं। नवरात्रि में पूरा मेला क्षेत्र गुंजायमान है। यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रित करने के उद्देश्य से मां के कपाट को चौबीसों घंटे खोल रखा गया है। दर्शनार्थी दिन रात लाईन में लगे हैं। जिला प्रशासन विकलांग दर्शनार्थियों के लिए निशुल्क वाहन एवं व्हील चेयर मुहैया करा रहा है।यह सुविधा त्रिकोण यंत्र परिक्रमा के लिए भी है।

देवरिया में खड़े ट्रक में कार टकराई, दो की मौत, एक घायल

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के मदनपुर क्षेत्र में एक खड़े ट्रक में स्कार्पियो वाहन के टकराने से दो लोगों की मौत हो गई तथा इस हादसे में एक व्यक्ति घायल है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव ने शनिवार को यहां बताया कि मदनपुर क्षेत्र के ग्राम टढ़वा के पास शुक्रवार की देर रात एक खड़ी ट्रक में पीछे से स्कार्पियो वाहन टकरा जाने से उसमें बैठे तीन लोग मनोज, संजय और कृष्णा गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से दो लोगों संजय और कृष्ण की मौत हो गई। हादसे में घायल मनोज का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि घायल और मृतक व्यक्ति रूद्रपुर कस्बे के निवासी बताये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर आज यहां पोस्टमार्टम करा रही है।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक महिला की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव बरामदे में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पति और ससुराल वालों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि, पति शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं था। दहेज में पांच लाख रुपए और एक बुलेट की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

देवरिया में आवारा खूंखार कुत्तों ने 04 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया । जहां आवारा कुत्तों ने एक चार साल की मासूम बच्ची को नोच-नोच कर मार डाला है। पुलिस मासूम बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर रेड्डी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के अमेठी तिराहा पर आज एक चार वर्षीय मासूम बच्ची का शव सड़क के किनारे मिला है। बताया जाता है कि आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर नोच-नोच कर मार डाला। उन्होंने बताया कि बच्ची पर आवारा कुत्तों का हमला शुक्रवार की रात में हुआ है कि आज सुबह हुआ है, यह पोस्टमार्टम के रिपोर्ट बाद ही कहा जा सकता है। पुलिस ने बच्ची की पहचान का खुलासा करने से इंकार कर दिया।

इस घटना के बाद आसपास के लोग अपने बच्चों के बारे में फिक्रमंद हो गये हैं। घटना के बाद अब लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में भी डर रहे हैं। नगर पालिका परिषद का दावा होता रहा है कि वह आवारा कुत्तों और छुट्टा पशुओं को पकड़ कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य करता है लेकिन देवरिया नगर पालिका परिषद का यह अभियान मात्र कागजों पर ही देखते को मिल रहा है।

लखीमपुर में पुलिस कस्टडी में दलित की मौत, बवाल

परिजन बोले- पीट-पीटकर मार डाला, सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन; छह घंटे तक चला हंगामा

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में हत्या के मामले में पूछताछ के लिए थाना मितौली लाए गए 50 वर्षीय दलित ग्रामीण की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी हैं। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी रोष है। शव को सड़क पर जाम लगा दिया था। करीब छह घंटे तक सड़क पर जमकर हंगामा किया। अफसरों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। इसके बाद जाम खुल सका।

पुलिस का कहना है कि रात में ग्रामीण की तबीयत खराब हो गई थी। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बता दें कि ग्रामीण को एक हफ्ते पहले हुए एक बच्ची की हत्या के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था।

पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप है। मृतक के पुत्र रोहित ने दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है।

बच्ची की हत्या के मामले में थाने लाई थी पुलिस

थाना मितौली क्षेत्र के गांव पकरिया में सात दिन पहले एक छह साल के बच्ची की हत्या कर दी गई थी। उसका शव घर से करीब दो सौ मीटर दूर झाड़ियों में बरामद हुआ था। पोस्टमॉर्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक के पिता ने गांव के आसाराम समेत एक अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था।

बताया जा रहा है कि बालिका के पिता और आसाराम के मध्य करीब 10 वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी होली को दोनों लोग आपस में गले मिले थे। इसके बाद बच्ची की हत्या होने के बाद दोनों परिवार फिर आमने-सामने हो गए थे। पुलिस बच्ची की हत्या के मामले में गांव निवासी आसाराम को शुक्रवार की शाम करीब चार बजे पकड़कर थाना लाई थी।

पुलिस ने कहा- तबियत खराब होने से हुई मौत

रात करीब दस बजे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस आसाराम को लेकर पहले सीएचसी पहुंची, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए।

परिजनों का आरोप- पुलिस ने पीटा, करंट भी लगाया

आसाराम के परिजन का आरोप है कि मितौली थाना परिसर में पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा। उसे करंट भी लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब उसकी मौत हो गई, तब हम लोगों को सूचना दी। रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया था।

परिवार वालों का कहना है कि पुलिस ने आसाराम को थर्ड डिग्री दी है। आसाराम के पीठ और पेट पर चोट के निशान है। सीधे तौर परिजन पुलिस हिरासत में आसाराम की पिटाई से मौत का आरोप लगा रहे हैं। मृतक आसाराम दलित बिरादरी से आते हैं।

थाना मितौली के बाहर ग्रामीण कर रहे हंगामा

थाना मितौली व पोस्टमार्टम हाउस पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी रोष है। मौत के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने कस्ता सीतापुर मार्ग स्थित पिपरझला पुलिस सहायता केंद्र तिराहे को जाम कर दिया है ।

आरोपी थाना इंचार्ज और पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग कर रहे हैं। मौके पर भारी संख्या पुलिस फोर्स मौजूद है। लोग पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहें हैं। मौके पर पहुंचे एएसपी समेत कई पुलिस अफसर परिवार वालों को समझाने की कोशिश में जुटे हैं।

आगरा में पत्नी की चाकू मारकर हत्या

पति करता था शक, दोस्तों से बात करना नहीं था पसंद; आरोपी गिरफ्तार

आगरा। आगरा के थाना सदर क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या के बाद पति घर से फरार हो गया। सुबह लोगों ने घर में पत्नी का शव देखा। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार कॉलोनी में गोविंदा अपनी पत्नी मंजू और 3 बच्चों के साथ रहता था। पति की फोटो स्टेट की दुकान है। पत्नी ककुआ के एक हॉस्पीटल में नर्स थी। पति पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। पत्नी के दोस्तों का घर पर आना जाना भी उसे पसंद नहीं था। इसको लेकर उनके बीच में अक्सर विवाद होते थे।

पति से झगड़े पर पत्नी ने मारा था चांटा

बताया गया है कि शुक्रवार शाम को पत्नी हॉस्पीटल से घर आई। उस समय गोविंदा घर पर था। पत्नी मंजू फोन पर किसी से बात कर रही थी। गोविंदा ने उसको टोका। दोनों के बीच में विवाद हो गया।

बताया गया है कि पत्नी मंजू अपने पति से झगड़ा करते हुए घर के बाहर आ गई। उसने पति को चांटा मारा दिया। हंगामा होने पर दूसरी गली में रहने वाले गोविंदा के परिजन आ गए। उनकी भी मंजू से कहासुनी हो गई। विवाद में मंजू को धक्का लग गया।

उसके सिर में चोट लग गई। वो थाने पहुंच गई। पति और ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया। गोविंदा भी थाने पहुंच गया।

काशी स्टेशन से दो शातिर चोर गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के काशी स्टेशन से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों साथी चोर ट्रेन में सो रहे यात्रियों के पास से पैसे और सामान चोरी किया करते थे, दोनों के ऊपर पहले से ही गैंगस्टर एक्ट दर्ज है। पुलिस की टीम द्वारा स्टेशन पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया था। जिसमें यह दोनों पकड़े गये। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने कहा कि काशी स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपीएफ के संयुक्त तत्वाधान में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था मुखबिरों की सूचना पर दो शातिर अपराधी बच्चा डोम और पवन डोम को गिरफ्तार किया है। दोनों काली माहौल मुगलसराय के रहने वाले हैं इन दोनों को प्लेटफार्म नंबर-1 के उत्तरी छोर पर पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इन चोरों के पास से नगद रुपए, मोबाइल और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि जब ट्रेनों में यात्री सोते रहते हैं तो दोनों चोरी को अंजाम देते हैं। दो पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बच्चा डोम पर मुगलसराय में कुल 38 मुकदमे हैं। बनारस मिर्जापुर और मुगलसराय से लेकर कल 46 मुकदमे है वहीं पवन डोम पर आठ मुकदमे हैं।

पुलिस ने केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया फ्लैग मार्च

ललितपुर। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी तालबेहट व थाना पूराकला पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन क्षेत्र के क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी तालबेहट व थाना पूराकला पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए थाना पूराकला क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया । फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चुनाव हेल्प लाइन नम्बर 7839697416 / डायल 112 / सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ललितपुर पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी ।

जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को वोट के महत्व को गया बताया

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिले में कस्बा सिधौली के स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान में छात्र- छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व जागरूकता रैली के माध्यम से वोट प्रयोग के महत्व को समझाया।

इस मौके पर प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग लोकतंत्रीय आदर्शों को कार्यरूप में परिणत करने के लिए बहुत जरूरी इसीलिए शत प्रतिशत मतदान करें । कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के सम्बन्ध में सिधौली में नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

संस्था अध्यक्ष आर डी वर्मा ने बताया छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के संबंध में सिधौली कस्बे के विभिन्न चौराहों पर नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर अवधेश विश्वकर्मा, रिंकू मौर्य, आदित्य, आकाश, पारो,पूजा, लक्ष्मी,अजय कुमार, आशीष कुमार महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

पहले मीट लेने के विवाद में हत्या

फतेहपुर। फतेहपुर में ईद के दिन मटन की दुकान में पहले मीट लेने को लेकर दो युवकों में विवाद के बाद एक युवक ने बकरा काटने वाले चाकू से दूसरे युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। मृतक के भाई के तहरीर पर आरोपी सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्या का खुलासा करता हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि 11 अप्रैल के दिन ईद पर्व पर ईद की नमाज बाद दोपहर में थरियांव थाना क्षेत्र के कस्बे में सब्बीर मटन शॉप पर कस्बे के ही रहने वाला शेर अली (32) पुत्र टिरी अहमद बकरा का मीट लेने गया गया था। उसी समय कस्बे के रहने वाले आरोपी युवक चमन (40) पुत्र निसार अहमद भी पहुंचा। मटन शॉप में पहले मीट लेने का विवाद शेर अली ने शुरू कर दिया क्योंकि मृतक नशे की हालत में था। आरोपी युवक से विवाद होने पर बात बढ़ने पर बकरा काटने वाले चाकू से सीने और पेट में वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया।

शार्ट न्यूज

वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 36/2024 धारा 363/120बी भादवि में वाँछित अभियुक्त हल्ला पुत्र हिम्मतिया अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम बंगरूवा थाना सौजना को मुखबिर की सूचना पर ग्राम क्योलारी से ग्राम गुढा जाने वाली सड़क पर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 अरविन्द कुमार कां0 राहुल सिंह म0कां0 ज्योति कुमारी आदि शामिल रहे।

पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ललितपुर। बार पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण गोरेलाल पुत्र गन्शा राधा पत्नी गोरेलाल नि0गण करमई थाना बार जिला ललितपुर सम्बन्धित केश सं0 96/2024 सरकार बनाम गोरेलाल आदि धारा 323/504/506 भादवि व 3(1) द.ध एससी/एसटी एक्ट सम्बन्धित न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट को गिरफ्तार किया गया । वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 रामकुमार सरोज का0 शरद यादव का0 पवन कुमार म0कां0 सुमिरन आदि शामिल रहे।

33 क्वाटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

ललितपुर । पाली, पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना पाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर ग्राम करमरा से अभियुक्त सुखलाल पुत्र वृन्दावन लोधी निवासी ग्राम करमरा थाना पाली को हिरासत पुलिस में लिया गया जिसके कब्जे से 33 क्वार्टर अबैध देशी शराब बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना पाली मे मु0अ0सं0 48/2024 धारा 60(1)Ex Act में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 रूपनारायन शुक्ल उ.नि.योगेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

पंचायतीराज सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत आयोजित हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जिले के विकासखंड पहला की एक ग्राम पंचायत में पेस संस्था एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में सोशल ऑडिट कार्यशाला एवं अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत मलेथू में सामाजिक अंकेक्षण एवं सोशल ऑडिट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल अड़तालिस लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मलेथू की प्रधान हरिमोहनी उपस्थित रही। उन्होंने सभी का स्वागत परिचय करके कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मौजूद परियोजना कार्यकर्ता शैलजाकान्त मिश्र ने सभी को संस्था व परियोजना के बारे में जानकारी दी,वहीं रितिक ने सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के दौरान विधवा,वृद्धा व विकलांग पेंशन के लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई जिसमें उपस्थित सदस्यों ने मृतक लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी।

दो दिन पूर्व घर से गायब किशोरी का शव बेरासपुर गंगा में मिला उतराता

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के बेरासपुर गंगा घाट पर शनिवार को किशोरी का शव उतराता मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरासपुर गंगा घाट पर एक किशोरी का शव नदी में उतराया मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी अजीत सिंह की 17 वर्षीय पुत्री स्वाति सिंह पिछले 11 अप्रैल की सुबह अचानक गायब हो गई थी। रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित स्थलों पर काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने गोपीगंज थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस बीच शनिवार को गंगा नदी के बेरासपुर घाट पर एक किशोरी का शव उतराए होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान स्वाति सिंह के रूप में की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता अजीत सिंह ने उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। वह कक्षा 11 की छात्रा थी जो गांव के ही एक निजी स्कूलों में पढ़ती थी।

कानपुर में डंपर-कार की टक्कर, दो की मौत

कानपुर। कानपुर में डंपर और कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक किन्नर और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा किन्नर गंभीर रूप से घायल है। पुलिस तीनों को बिधनू सीएचसी लेकर पहुंची। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने भी एक किन्नर और ड्राइवर को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप घायल किन्नर को हैलट रेफर कर दिया। एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि घाटमपुर की ओर से कानपुर की तरफ एक तेज रफ्तार कार जा रही थी। उधर कानपुर से बिधनू की तरफ एक तेज रफ्तार डंपर आ रहा था। बिधनू हरबसपुर के सामने तेज रफ्तार कार और डंपर में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार किन्नर अर्रा बिनगवां नौबस्ता निवासी सिमरन (45), ड्राइवर आकाश शुक्ला (26) और मनीषा (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस और पब्लिक ने कड़ी मशक्कत से तीनों को कार से बाहर निकाला और बिधनू सीएचसी ले गए। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने सिमरन और ड्राइवर आकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मनीषा का प्राथमिक इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। मनीषा की भी हालत डॉक्टरों ने बेहद नाजुक बताई है।

कानपुर में 3 सटोरिए गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में क्राइम ब्रांच की टीम ने माल रोड के एक होटल से तीन सटोरियों को अरेस्ट किया है। तीनों सटोरिया होटल के कमरे से बैठकर आईपीएस में सट्टा खिलवा रहे थे। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर तीनों को पकड़ लिया। सटोरियों के पास से 19 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है। तीनों के खिलाफ हरबंशमोहाल थाने में एफआईआर दर्ज की है। सटोरियों से मिले इनपुट के आधार पर गैंग के बाकी सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि माल रोड के होटल के कमरे से सट्टा खिलवाने की सूचना मिली थी। क्राइमब्रांच ने छापेमारी की तो होटल से आईपीएल में सट्टा खिलवाते तीन लोग मिले। पुलिस ने तीनों को अरेस्ट कर लिया। तलाशी के दौरान सटोरियों के पास से 19 लाख रुपए बरामद हुआ है। जांच के दौरान करोड़ों का ट्रांजेक्शन समेत अन्य साक्ष्य मिले हैं। विदेश से भी 8 लाख रुपए खाते में ट्रांजेक्शन का साक्ष्य मिला है। पकड़े गए तीनों सटोरियों से पूछताछ की जा रही है।

मौत की सजा से बचाने केरल के लोगों ने जुटाए 34 करोड़ रुपये

रियाद। सउदी अरब में मौत की सजा से केरल के एक व्यक्ति को बचाने के लिए राज्य के लोगों ने 34 करोड़ रुपये चंदा कर इकट्ठा किए हैं। केरल में लोग कोझिकोड के निवासी अब्दुल रहीम को सउदी में मिली मौत की सजा से बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं। रहीम को सजा से बचने के लिए 'ब्लड मनी' के तौर पर 18 अप्रैल से पहले करीब 34 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। सउदी में 'ब्लड मनी' का मतलब सजा से बचने के लिए सजा काट रहे पीड़ित के परिवार को धन का भुगतान करना होता है। रहीम 2006 में सऊदी अरब में एक लड़के की हत्या के आरोप में 18 साल से जेल में बंद है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सऊदी अरब में रहीम को 2006 में एक दिव्यांग लड़के की दुर्घटनावश मौत के बाद रहीम को जेल में डाल दिया गया था। दिव्यांग लड़के के परिवार द्वारा माफी देने से इनकार करने के बाद 2018 में रहीम को मौत की सजा सुनाई गई थी उसके सजा माफ कराने के लिए 34 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। जिसके लिए केरल के लोगों ने एकजुटता दिखते हुए चंदे से यह रकम जुटा ली है।

इजरायली हमलों में गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 33,634 हुई

गाजा। इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गाजा पट्टी में लगातार जारी इजरायली हमलों के कारण मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 33,634 और घायलों की तादाद 76,214 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में जो आंकड़े जारी किए हैं उनके मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना द्वारा की गई कार्रवाई में 89 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जबकि 120 अन्य लोग घायल हुए हैं। इजराइली हमले के बाद कुछ पीड़ितों के शव मलबे के नीचे दब गए और कुछ शव सड़कों पर बिखरे रहे क्योंकि इजरायली सेना ने एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक दिया। इस बीच, फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों का कहना था कि वेस्ट बैंक में इजरायली बलों और नागरिकों के साथ टकराव में शुक्रवार को कम से कम 3 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। हमास ने पुष्टि की है कि मारे गए लोगों में से एक स्थानीय कमांडर भी था। यहां बतलाते चलें कि 07 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायल में हमास द्वारा किए गए हमले के बाद से ही इज़रायल ने गाजा में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं, जो कि अभी तक रुके नहीं हैं। इससे गाजा में मरने वालों का आंकड़ा दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा है।

कनाडा ने अपने कर्मचारियों की संख्या में की कटौती

टोरंटो । कनाडा ने भारत में अपने राजनयिक मिशन में तैनात भारतीय कर्मचारियों की संख्या को घटा दिया है। कनाडा उच्चायोग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि मैं पुष्टि करता हूं कि कनाडा सरकार ने भारत में राजनयिक मिशन में कर्मचारियों की संख्या घटाई है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनयिक मिशन में कर्मचारियों की संख्या में कटौती का फैसला जरुरी था। उन्होंने कहा कि कनाडा उच्चायोग भारत में अपने स्थानीय कर्मचारियों के समर्पण और सेवा के लिए आभार मानता है।

इक्वाडोर में बस पलटी, 4 की मौत

क्विटो। दक्षिणी इक्वाडोर में राजमार्ग पर बस के पलट जाने से करीब चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए हैं। अटॉर्नी जनरल कार्यालय (एफजीई) ने सड़क दुर्घअना की जानकारी दी है। एफजीई ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, कि दुर्घटना के बाद तत्काल बचाव व जरुरी कार्रवाई का आदेश दे दिया गया है। बस चालक को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस संबंध में इक्वाडोर के खेल मंत्री एंड्रेस गुशमर का कहना था कि उक्त बस एक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ लोजा के एक प्रतिनिधिमंडल और कुछ परिवार के सदस्यों को ले जा रही थी। वहीं स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि प्रतिनिधिमंडल में 8-12 वर्ष की आयु के बाल ताइक्वांडो एथलीट शामिल थे, जो इस सप्ताहांत के लिए निर्धारित प्रतियोगी आयोजन में भाग लेने के लिए दक्षिणी शहर कुएनका जा रहे थे।

पाकिस्तान की बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में 3 बच्चों की मौत

इस्लामाबाद, । पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में कम से कम 3 बच्चों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान के आदिवा जिले में हुआ। यहां खेल रहे बच्चों का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ा और विस्फोट हो गया, जिसमें 3 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल बच्चे को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा कारणों से सुदूर गांव में बारूदी सुरंग बिछाने का काम किया गया था। वहीं यह हादसा घटित हो गया और बच्चों की जानें चलीं गईं।

अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर यूएन ने की पाकिस्तान की आलोचना

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान की आलोचना की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाई और हिंदू समुदाय से जुड़ी युवतियों और लड़कियों के लिए सुरक्षा की कमी पर निराशा व्यक्त करते हुए विशेषज्ञों ने कहा है कि देश को संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने कहा कि ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दासता और यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के उच्चायुक्त कार्यालय के बयान में विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित महिलाओं और लड़कियों के साथ इस तरह के व्यवहार को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को संधियों के अनुरूप अपने दायित्वों को बनाए रखने और जबरन धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की जरूरत है।

पाकिस्तान में आंतकियों ने की 11 लोगों की हत्या, बंदूक की नोंक पर पहले बनाया बंधक

लाहौर। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों ने करीब 11 लोगों की हत्या कर दी। जिसमें नौ बस यात्री शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में सशस्त्र हमलावरों ने नोश्की जिले में एक राजमार्ग पर एक बस रुकवाकर बंदूक का डर दिखाकर नौ पुरुषों का अपहरण कर लिया। इसके बाद में इन नौ पुरुषों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले और उनके शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए।'' उन्होंने बताया, यह बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी तभी सशस्त्र हमलावरों ने बस रुकावकर यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ पुरुषों को अगवा करके पर्वतीय इलाकों में ले गए।'' एक अन्य घटना में इसी राजमार्ग पर एक कार पर गोलीबारी हुई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हुई तथा दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को बख्शा नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों का उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति भंग करना है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल वक्त में मृतक के परिवारों के साथ है।

ऑस्?ट्रेलिया के सिडनी शहर के मॉल में चाकूबाजी....4 लोगों की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बोंडी जंक्शन मॉल में तब हड़कंप मच गया, जब चाकूबाजी की खौफनाक घटना हुई। बताया जा रहा है कि चाकूबाजी में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं हमलावर को पुलिस ने गोली मार दी है। पुलिस ने बताया कि इमरजेंसी सेवाओं को शाम को 4 बजे से पहले वेस्टफील्ड बोंडी जंक्शन मॉल में बुलाया गया था।



स्लोवेनिया के कामनिक के पास वोल्जी पोटोक आर्बोरेटम में 5 ट्यूलिप देखे गए। स्लोवेनिया के वोल्क्जी पोटोक आर्बोरेटम में वसंत के फूलों और ट्यूलिप की पारंपरिक प्रदर्शनी को आगंतुकों ने बड़े उत्साह के साथ देखा।

यूक्रेन-थीम शिखर सम्मेलन का पुतिन ने उड़ाया मजाक

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून में यूक्रेन शांति वार्ता के नियोजित दौर का मजाक उड़ाकर कहा कि यह इतना दुखद नहीं होता, तब हास्यास्पद होता अगर रूस को दो युद्धरत पक्षों में शांति लाने के लिए वार्ता की मेज पर आमंत्रित नहीं किया जाता है। सप्ताह की शुरुआत में स्विस सरकार ने दो साल से अधिक के विनाशकारी युद्ध के बाद यूक्रेन में शांति के लिए आगे बढ़ने के रास्ते पर चर्चा करने के लिए 100 से अधिक देशों को आमंत्रित करते हुए एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने उम्मीद जाहिर कि रूस भविष्य में शांति प्रयासों में संभावित रूप से भाग ले सकता है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने चेतावनी दी थी कि अगर यूक्रेन के साथ संभावित युद्धविराम वार्ता मास्को के हितों को ध्यान में नहीं रखती है, तब यह समय की बेकार बर्बादी हो सकती है। पुतिन ने बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ बैठक के दौरान कहा कि वह यूक्रेन-थीम शिखर सम्मेलन को एक तरह का एक सनकी शो मानते हैं। पुतिन ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि वे मानते हैं कि हम वहां के नहीं हैं। और साथ ही उनका कहना है कि हमारे बिना कुछ भी सुलझाना नामुमकिन है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को बंदूक की नोक पर समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं करवाना चाहिए और कीव से अपने सैनिकों को वापस नहीं लेना चाहिए। लेकिन फिर पश्चिम के दबाव में यूक्रेनी पक्ष इन समझौतों से बाहर निकल गया। पुतिन ने कहा कि ऐसा करने के तुरंत बाद, हमारे समझौतों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया।



ईरान की धमकी से सुपर पॉवर डरा, इजराइल में भी अलर्ट जारी

– अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी, इजरायल जाने से बचे

वॉशिंगटन (एजेंसी)। इजरायल द्वारा सीरिया स्थित ईरान के राजनयिक दफ्तर पर एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें ईरान के एक टॉप जनरल समेत 12 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई थी और धमकी दी कि वह इजरायल पर हमला करेगा। उसकी धमकी से सुपरपावर अमेरिका की भी नींद उड़ गई है। अमेरिका ने अब अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है और कहा है कि वे इजरायल जाने से परहेज करें। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां ईरान कभी भी हमला कर सकता है।

जानकारी के अनुसार अमेरिका ने अपने दूतावास के स्टाफ से भी कहा है कि ग्रेटर येरूशलम, तेल अवीव से बाहर यात्रा न करें। ये दोनों प्रमुख शहरों में इजरायल के मजबूत सुरक्षा इंतेजाम हैं, लेकिन सुदूर इलाकों में ईरान के हमले से नुकसान हो सकता है। यही नहीं इस मामले में ब्रिटेन ने दखल दिया है और उसके विदेश मंत्री लॉर्ड कैमरून ने ईरान से कहा है कि वह हमला करने से परहेज करे। इजरायल ने अब तक सीरिया में हुए हमले की न तो जिम्मेदारी ली है और ना ही खंडन किया है। ऐसे में ईरान का दावा और मजबूत हो रहा है कि यहूदी मुल्क ने ही अटैक किया था।

इजरायल और ईरान की तनातनी ने युद्ध के दूसरे देशों में भी फैलने का डर बढ़ा दिया है। अब तक यह जंग इजरायल और हमास के बीच ही थी। अब यदि ईरान इसमें उतरता है तो कुछ और शक्तियां इजरायल का समर्थन कर सकती हैं। ऐसी स्थिति गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यही नहीं कुछ विश्लेषक मानते हैं कि ऐसे में विश्व युद्ध के भी हालात बन सकते हैं। इस जंग में ईरान और इजरायल के टकराव की आशंका बढ़ने की कुछ वजहें भी हैं। एक तरफ ईरान को लेकर माना जाता है कि वह हमास और हिजबुल्लाह का समर्थक है और उन्हें हथियार सप्लाई करवाता है।

वहीं इजरायल की कोशिश है कि सीरिया, इराक जैसे देशों में ईरान का असर कम किया जाए। इजरायल की ओर से किए गए हमले की भी यही वजह मानी जा रही है। इस हमले में ईरान की कुद्स फोर्स के सीनियर कमांडर मारे गए थे, जो लेबनान और सीरिया में ऑपरेशंस की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ, जब पूरी दुनिया में पहले ही गाजा की जंग को लेकर चिंता है। खासतौर पर मुस्लिम देशों में तो ईद के मौके पर भी फिलिस्तीन के लिए दुआएं मांगी गईं और इजरायल विरोधी प्रदर्शन हुए।

खामियों का खुलासा- उड़ान के बीच बोइंग ड्रीमलाइनर के हो सकते हैं टुकड़े, जांच में जुटा अमेरिका

न्यूयॉर्क। अमरीकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए), एक बोइंग इंजीनियर के दावों की जांच कर रहा है कि 787 ड्रीमलाइनर के धड़ के हिस्सों को अनुचित तरीके से एक साथ बांधा गया है और हजारों यात्राओं के बाद यह उड़ान के बीच में टूट सकते हैं। वर्जीनिया स्थित विमान उद्योग कंपनी बोइंग व्हिसलब्लोअर सैम सालेहपोर द्वारा कंपनी के 787 ड्रीमलाइनर विमान की संरचनात्मक अखंडता के बारे में चिंता जताए जाने के बाद इस मामले में नए सिरे से जांच के दायरे में है। रिपोर्ट के मुताबिक इंजीनियर सैम सालेहपुर ने बोइंग में 10 वर्षों से अधिक समय तक काम किया है। दरअसल इस व्हिसलब्लोअर ने खुलासा किया है कि बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर में संरचनात्मक खामियां हैं, जिसके कारण यह उड़ान के बीच में ही टूट सकता है। इस खुलासे बाद अब एफएए व्हिसलब्लोअर के दावों की जांच कर रहा है। न्यूयॉर्क मीडिया के मुताबिक बोइंग कंपनी के हवाले से कहा कि 787 की समग्र संरचना का एक और लाभ यह है कि सामग्री पारंपरिक धातुओं की तरह खराब नहीं होती है और सेवा में कई दशकों तक रखरखाव को कम करती है। कंपनी ने कहा कि एक विमान 40 से 50 साल तक सेवा में रह सकता है।

सुनक सरकार ने पेश किए नए वीजा नियम, भारतीयों को होगी दिक्कत

लंदन (एजेंसी)। ऋषि सुनक सरकार ने देश में प्रवासियों की आमद को कम करने के लिए ब्रिटेन में नए वीजा नियम पेश किए हैं। इसमें प्रायोजन शुल्क में 55 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। भारतीय मूल के लोगों सहित, यूके के पारिवारिक वीजा के लिए प्रायोजन चाहने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए अब न्यूनतम वार्षिक वेतन जीबीपी 29,000 होना चाहि?ए। पहले यह जीबीपी 18,600 था। अगले साल यह इनकम बढ़ाकर 38,700 जीबीपी कर दी जाएगी। यह पीएम सुनक और गृह सचिव जेम्स क्लेवरली के पैकेज में अंतिम उपाय है। यूके के गृह मंत्रालय ने कहा कि यह लीगल माइग्रेशन को कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि यहां आने वालों लोगों के कारण यहां के करदाता पर बोझ न पड़े। हम बड़े पैमाने पर माइग्रेशन के साथ एक चरम बिंदु पर पहुंच गए हैं। ऐसा कोई सरल समाधान या आसान निर्णय नहीं है, जो संख्या को ब्रिटिश लोगों के लिए स्वीकार्य स्तर तक कम कर दे। मुझे लगता है कि यहां सिद्धांत सही है कि अगर लोग अपने परिवार के हिस्से के रूप में आश्रितों को इस देश में ला रहे हैं, तब उन्हें उनका भरण-पोषण करने में सक्षम होना चाहिए। बता दें कि 2023 में लगभग 3 लाख लोगों ने यूके में प्रवास किया था। इसके बाद गृह कार्यालय का कहना है कि इतना बड़ा आप्रवासन अब संभव नहीं होगा। सुनक सरकार ने पिछले साल पेश किए गए पैकेज के हिस्से के रूप में कई वीजा मानदंडों को सख्त किया है। अब छात्रों और देखभाल कर्मियों के लिए परिवार को यूके लाना करीब असंभव है। भारतीय लोग कुशल कार्य वीजा वाले शीर्ष प्रवासियों में शामिल हैं - 2021-22 में 13,380 भारतीय यूके माइग्रेट हुए थे जो 2022-23 में बढ़कर 21,837 हो गए यानी 63 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। मुख्य आवेदकों के साथ-साथ आश्रितों के लिए कुल वीजा का लगभग 38 प्रतिशत भारतीयों को मिला, इसके बाद 17 प्रतिशत नाइजीरियाई लोगों को मिला।

बीजिंग-प्योंगयांग संबंधों का नया अध्याय, किम जोंग उन और चीन के शीर्ष अधिकारियों की मुलाकात

बीजिंग (एजेंसी)। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और चीन के शीर्ष विधायक ने शनिवार को बीजिंग-प्योंगयांग संबंधों के एक नए अध्याय की सराहना की, जो वर्षों में सहयोगियों के बीच सबसे उच्च स्तरीय बैठकों में से एक थी। बीजिंग के तीसरे सर्वोच्च पद के अधिकारी झाओ लेजी -चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की शक्तिशाली स्थायी समिति के सदस्य ने इस सप्ताह परमाणु-सशस्त्र उत्तर की सद्भावना यात्रा की, क्योंकि दोनों देशों ने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया।

चीन उत्तर कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक हितैषी और कूटनीतिक सहयोगी है, किम जोंग उन की सरकार पर बढ़ते हथियार परीक्षणों के जवाब में कड़े प्रतिबंध लगाने के लिए रूस के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रयासों में बाधा डाल रहा है। बीजिंग की राज्य समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, झाओ ने शुक्रवार को प्योंगयांग में चीन-डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया फ्रेंडशिप के वर्ष के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के बाद शनिवार को किम से मुलाकात की।

शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर के आधिकारिक नाम का उपयोग करते हुए झाओ ने किम से कहा कि चीन ÷डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के साथ विकास संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने का इच्छुक है। झाओ ने किम से कहा कि चीन नए परिणाम प्राप्त करने, मजबूत पारस्परिक समर्थन जारी रखने और दोनों पक्षों के सामान्य हितों की रक्षा करने के लिए द्विपक्षीय व्यावहारिक और पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग को बढ़ावा देने का इच्छुक है।

अमेरिका का दावा: इजरायल पर कभी भी हमला कर सकता है ईरान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान द्वारा कभी भी हमला करने की बात कही है। बाइडन ने इसी को देखते हुए ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि वह इजरायल पर हमला न करे, क्योंकि अमेरिका उसकी रक्षा के लिए खड़ा है। दूसरी ओर ईरान ने दूतावास पर हमले को उस पर हमले के रूप में देख रहा है। ईरान इस बार लेबनान में हिजबुल्लाह की सहायता के बजाय इजरायल पर सीधा हमला करने की योजना बना रहा है। बाइडन के बयान से पहले, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने भी इजराइल पर ईरान के हमले की आशंका जताई थी। हालांकि, उन्होंने कोई समयसीमा नहीं बताई कि कब ये हमला हो सकता है। कुल मिलाकर इजरायल और फलस्तीन में अभी जंग थमी भी नहीं है और एक नया युद्ध छिड़ने की कगार पर है। इस महीने की शुरुआत में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजरायल ने हमला कर दिया था, जिसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

ईरानी हमले की आशंका को देखते हुए दूसरे देश भी एक्शन मोड में आ गए हैं। भारत, फ्रांस और रूस सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को इन दोनों देशों की यात्रा न करने की चेतावनी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करें। एडवाइजरी में कहा गया कि जो लोग अभी ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वो वहां के भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। ईरान में तकरीबन 4000 भारतीय रहते हैं तो वहीं इजराइल में 18500 भारतीय रहते हैं। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार दोनों देशों से रह रहे भारतीयों की संभावित निकासी सहित विभिन्न स्थितियों से निपटने की तैयारी कर रही है। वहीं, ईरानी सूत्रों और अमेरिका के राजनयिकों ने कहा कि तेहरान ने वाशिंगटन को संकेत दिया है कि वह तनाव बढ़ाने से बचना चाहता है और जल्दबाजी नहीं करेगा।एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि पेंटागन इजरायल की रक्षा प्रणाली को मजबूत करने की कोशिश में लग गया है।

ईरान ने किया जहाज पर कब्जा, 17 भारतीय सवार, अब छुड़ाने के लिए क्या करेंगे मोदी?

नई दिल्ली(एजेंसी)। खाड़ी में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा जब्त किए गए जहाज में 17 भारतीय सवार हैं और सुरक्षा, कल्याण और भारतीयों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भारत पहले से ही ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। एक सूत्र ने कहा कि हमें पता है कि एक मालवाहक जहाज %एमएससी एरीज़% को ईरान ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। हमें पता चला है कि जहाज पर 17 भारतीय नागरिक हैं। हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, कल्याण और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तेहरान और दिल्ली दोनों में राजनयिक चैनलों के माध्यम से ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं।

इजरायली अरबपति इयाल ओफ़र से जुड़े एक जहाज को ईरान ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस को रिपोर्ट मिली कि अमीराती बंदरगाह शहर फुजैराह के करीब ÷क्षेत्रीय अधिकारियों÷ द्वारा एक जहाज को जब्त कर लिया गया है। इस बीच ईरानी राज्य मीडिया ने कहा कि जहाज कोएमएससी एरीज़ के रूप में पहचाना गया है।

समाचार एजेंसी एपी द्वारा देखे गए दृश्यों में कमांडो जहाज के डेक पर बैठे कंटेनरों के ढेर पर रेंगते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहाज पर चालक दल के एक सदस्य को दूसरों से बाहर न आने का आग्रह करते हुए सुना जा सकता है। फिर वह अपने सहयोगियों को जहाज के पुल पर जाने के लिए कहता है क्योंकि डेक पर और अधिक कमांडो नीचे आते हैं। संभावित कवर फायर प्रदान करने के लिए एक कमांडो को दूसरों के ऊपर घुटने टेकते हुए देखा जा सकता है।

आज मुंबई के बल्लेबाजों को रोकने की चुनौती सीएसके पर

मुंबई (एजेंसी)। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मेजबान मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार को आमने सामने होंगी। तब सभी की नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा।

सीएसके पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी। नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलने वाले हैं। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं है। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आएगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं।

मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया, जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दे दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिए अहम होगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

उन्हें जसप्रीत बुमराह (10 विकेट) से भी बचकर रहना होगा। चेन्नई की गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजूर रहमान , जडेजा, शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे के हाथों में होंगी।

टीम

मुंबई इंडियंसः- हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

चेन्नई सुपरकिंग्सः- महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

विनेश ने डोपिंग में फंसाये जाने की आशंका जतायी

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह उन्हें ओलंपिक में खेलने से रोकने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। विनेश के अनुसार उन्हें डोपिंग में भी फंसाया जा सकता है। विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

विनेश का लक्ष्य अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करना है। इसके लिए पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था पर सेमीफाइनल में हार गई थी। विनेश ने कहा, ''बृजभूषण और उसके करीबी संजय सिंह उसे ओलंपिक खेलने से रोकने के लिए कोई भी तरीका अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीम के साथ जो भी कोच हैं वह सभी बृजभूषण और संजय के करीबी हैं। ऐसे में ये लोग कुछ भी कर सकते हैं।'' इसलिए अगर मैं ऐसा कहूं कि मुझे डोप में फंसाने की साजिश हो सकती है तो ये गलत नहीं होगा। हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। साथ ही कहा कि 19 अप्रैल को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर शुरू हो रहा है। इसलिए मैं खेल प्राधिकरण और टॉप्स से मेरे कोच और फिजियो की मान्यता के लिये अनुरोध कर रही हूं जिससे मुकाबले के दौरान से मेरे पास रह सकें।

सैमसन और चहल को मिल सकता है टी20 विश्वकप में अवसर

मुम्बई (एजेंसी) । राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल का आईपीएल 2024 सत्र में अब तक का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। सैमसन ने जहां शानदार बल्लेबाजी की है वहीं चहल ने अपनी स्पिन का जादू दिखाया है। इसके बाद से ही कई दिग्गजों ने कहा है कि इन दोनो को आगामी टी20 विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया जाना चाहिये। ये दोनो ही पिछले काफी समय से टीम में जगह बनाने का प्रयास कर रहे थे। सैमसन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। वहीं चहल भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने के कारण बाहर हुए हैं।

अब आईपीएल से दोनों खिलाड़ियों की उम्मीदें बन रही है पर इन्हें आने वाले मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में दोनों ने खुद को साबित किया है हालांकि ऋषभ पंत की वापसी के बाद से सैमसन के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की जगह हासिल करना तो कठिन है। इसके अलावा इस एक जगह के लिए केएल राहुल , जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल भी दौड़ में हैं। वहीं चहल की बात करें तो

आईपीएल में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। उनका मुकाबला कुलदीप यादव से रहेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार चहल और सैमसन टी20 क्रिकेट से कभी बाहर नहीं हुए। चयनकर्ताओं की नजरें इन दोनो पर बनी हुई हैं। उनके बाहर होने का कारण हालात और हालिया प्रदर्शन के आधार पर किसी अन्य खिलाड़ी से पीछे रहना रहा है। सैमसन ने इस आईपीएल सत्र में 5 मैचों में 246 रन बनाये हैं। इस प्रकार वह 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे नंबर पर हैं। साथ ही सैमसन ने अब तक शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी की है।

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

कोलकाता (एजेंसी)। दो बार की आईपीएम चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने होम ग्राउंड ईडन गार्डंस पर रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उतरेगी केकेआर का लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस आईपीएल सीजन का पहला मैच होगा । मैच रविवार शाम 7.30 बजे शुरू होगा। लखनऊ और केकेआर दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा । चेन्नई ने पिछले मैच में केकेआर को सात विकेट से हराया । ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे । वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स

बेंगलोर के खिलाफ लगाया । सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया । मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दिए हैं।

दूसरी ओर लखनऊ को अपने तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं । उनकी जगह मैच खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ मैच में कुछ ज्यादा अच्छा नहीं कर सके। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। केकेआर के खिलाफ क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी । वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी । उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे बेहतरी स्पिनर हैं जो केकेआर के लिए खतरा बन सकते हैं।

टीम

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एमएसजी) = केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) = श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

सबसे कम गेंद पर 3 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने पंत

नई दिल्ली । विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी शानदार रही है । दुर्घटना की वजह से करीब 15 महीने तक पंत क्रिकेट से दूर थे । वह आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं । साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में भी पंत ने शानदार बल्लेबाजी की । इस मैच में उनके 3 हजार आईपीएल रन भी पूरे हो गए । पंत ने आईपीएल में 2028 गेंदों पर अपने 3000 रन पूरे किए हैं । वह सबसे कम गेंद पर 3 हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं । अपनी विस्फोटक बैटिंग के लिए मशहूर पंत ने दिल्ली के लिए ही आईपीएल डेब्यू किया था । अपनी 103वीं पारी में उन्होंने 3 हजार रन बनाए । पंत से पहले यह रिकॉर्ड यूसुफ पठान के नाम था । यूसुफ ने आईपीएल के पहले ही सीजन में अपनी छाप छोड़ी थी । उन्होंने लीग में अपना आखिरी मैच 2019 में खेला था । 41 साल के पठान के नाम 154 पारी में 143 की स्ट्राइक रेट से 3204 रन हैं । सूर्यकुमार यादव आईपीएल के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार हैं । करियर की शुरुआत में सूर्या निचले क्रम में बल्लेबाजी करते थे । वह केकेआर के लिए फिनिशर थे । लेकिन 2018 में मुंबई इंडियंस में आने के बाद सूर्या को टॉप ऑर्डर में खेलने का मौका मिला । इसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और तब से हर सीजन में 300 से ज्यादा रन बनाए हैं । सुरेश रैना एक वक्त आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे । उन्होंने 2135 गेंदों पर लीग में अपने 3000 रन पूरे किए थे । चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब जीतने में रैना अहम भूमिका निभा चुके हैं । नंबर तीन पर बैटिंग करते हुए उन्होंने कई बार टीम को मुश्किल परिस्थिति से निकाला है ।

सीए ने भारतीय टीम के दौरे के लिए तैयारियां शुरु कीं

सिडनी । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारतीय टीम के नवंबर में होने वाले दौरे की तैयारियां शुरु कर दी हैं । भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी । सीए ने इसके लिए आयोजन स्थल भी तय कर दिये हैं । पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा । सीरीज का दूसरा मैच एडिलेड ओवल में खेला जाएगा और ब्रिस्बेन का द गाबा तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा । बॉक्सिंग डे टेस्ट प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा और सीरीज का आखिरी मैच सिडनी क्रिकेट मैदान में खेला जाएगा । सीए ने अभी तक अगले सत्र के लिए कार्यक्रम जारी नहीं किया है । हाल में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में यहां काफी कम दर्शक थे । ऐसे में प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने सीए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर काम करेगा और दर्शकों को आकर्षित करने का प्रयास करेगा । यहां बिग बैश लीग में दर्शकों की तादाद काफी अच्छी रही है । सीए को उम्मीद है कि भारत और इंग्लैंड की टीमों के दौरे से पर्थ टेस्ट में दर्शकों की संख्या बढ़ेगी ।

नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने दूसरी बार 1 ओवर में ठोके 6 छक्के, बने पहले बल्लेबाज

खेल डैस्क ः नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार टी20 इंटरनेशनल में 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का कारनामा कर दिखाया है। ऐसा करने वाले वह दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। ऐरी ने एशियाई खेल 2023 में मंगोलिया के खिलाफ केवल 9 गेंदों पर अर्धशतक बनाया था। इस दौरान भी उनके बल्ले से 6 लगातार छक्के निकले थे। इसी मैच में ऐरी ने युवराज सिंह के टी20ई क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। युवराज ने टी20 विश्व कप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। ऐरी ने केवल 9 गेंदों पर यह कारनामा कर दिखाया था। मौजूदा एसीसी प्रीमियर कप 2024 में कतर के कामरान खान के खिलाफ भी ऐरी ने छह गेंदों में छह छक्के लगाए। ऐरी ने 6 छक्के लगाकर 21 गेंदों में 64 रन बनाए, जिससे नेपाल की पारी 20 ओवर में 210/7 पर समाप्त हुई। ऐरी टी20द्व क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने के मामले में युवराज सिंह और कीरोन पोलार्ड की बराबरी पर आ गए हैं। वनडे क्रिकेट में यह उपलब्धि हर्शल गिब्स और यूएसए के जसकरन मल्होत्रा के नाम दर्ज है। बता दें कि ट्वंटी20 में ओवरऑल कीरोन पोलार्ड, युवराज सिंह, डेविड मिलर, मोइन अली, रयान बर्ल, मोहम्मद नबी, राकेप पटेल, जस्टिन ओनटोंग और दिमित्री मास्कारेनहास छह गेंदों में छह छक्के लगा चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, श्रृंखला में सूपड़ा साफ

पर्थ । (एजेंसी) । भारतीय पुरूष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3.2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5.0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1.5, 2.4, 1.2, 1.3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किए।

भारत ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाए। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके

कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया।

हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। भारत को 37वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया। ऑस्ट्रेलिया ने एक मिनट बाद विलोट के गोल के दम पर बढ़त बना ली। इसके एक मिनट बाद ब्रांड ने एडी ओकेंडेन के पास पर तीसरा गोल भी दाग दिया। भारत को 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास गोल नहीं कर सके।

मेजबान टीम को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर को भारतीय डिफेंस ने बचाया। भारत के लिए दूसरा गोल धामी ने आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले रिवर्स हिट पर दागा। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। इसके बाद हालांकि आस्ट्रेलियाई डिफेंडरों ने कोई गलती नहीं की और भारत बराबरी का गोल नहीं दाग सका।

आईएसएल फुटबॉल मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे

मुंबई । फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है । उनका इंतजार समाप्त होने जा रहा है । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के प्ले ऑफ मुकाबले इसी 19 अप्रैल से शुरू होंगे । वहीं इसका फाइनल चार मई को होगा । इस टूर्नामेंट के आयोजकों फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने कहा कि फाइनल के स्थल की घोषणा शीघ्र ही होगी । आईएसएल ने अपने बयान में कहा, ''सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा । फाइनल में जगह बनाने के लिए 19 अप्रैल को प्ले ऑफ मुकाबले शुरु होंगे । वहीं इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले घरेलू और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में ही खेले जाएंगे ।'' लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी । वहीं तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एक चरण का नॉकआउट मुकाबला होगा जिससे सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दो अन्य टीमें तय होंगी । प्ले ऑफ में जगह बनाने वाली छह टीम पहले ही तय हो गयी हैं इसमें चेन्नईयिन एसफसी, ओडिशा एफसी, एफसी गोवा और केरल ब्लास्टर्स एफसी के अलावा इसमें मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान जैसी टीमें शामिली हैं ।

पूर्व क्रिकेटर डूल के बयान ने भारतीय चयनकर्ता की बढ़ा दी परेशानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई जल्द ही 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर सकती है। ऐलान से पहले न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डूल ने चयनकर्ताओं की चिंताएं बढ़ा दी है। उनका कहना है कि अगर टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ओपनिंग नहीं करते हैं, तब रिंकू सिंह की भारतीय प्लेइंग में जगह बन पाना मुश्किल हैं। उनका कहना है कि हरफनमौला हार्दिक पांड्या, ओपनर शुभमन गिल और विकेट कीपर ऋषभ पंत का भी टी20 वर्ल्ड कप में जगह बना पाना मुश्किल है। डूल ने कहा, मुझे लगता है कि विराट को ओपनिंग करनी चाहिए...100 प्रतिशत। मुझे नहीं लगता कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि अगर वह ऐसा करते हैं तब रिंकू चूक जाएंगे, और मेरी भारतीय प्लेइंग में रिंकू खेलने वाले है। इसलिए विराट को ओपनिंग बल्लेबाजी करनी होगी। अब वह किसके साथ ओपन करते है, यह आप पर निर्भर करता है। या वह रोहित शर्मा हो या जायसवाल, लेकिन कोहली को ओपनिंग करनी होगी, क्योंकि आधुनिक खेल में वह उनकी सर्वश्रेष्ठ पोजिशन है। वह तेज गेंदबाजों को किसी अन्य की तरह ही अच्छे से हिट करता है और वह गेंद को खूबसूरती से टाइम करता है। स्पिन के खिलाफ आकर शुरुआत करना उनका सबसे अच्छा विकल्प नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली ने केवल नौ बार ओपनिंग की है, जिसमें 161.29 की स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए हैं, जिसमें उनका एकमात्र टी20आई शतक भी शामिल है। आईपीएल इतिहास में, कोहली ने 135.93 की स्ट्राइक रेट से ओपनर के रूप में 3930 रन बनाए हैं। उनके आईपीएल करियर में सभी आठ शतक सलामी बल्लेबाज के रूप में आए है। कोहली के यही आंकड़े देखकर डूल उन्हें टी20 वर्ल्ड कप में भी ओपन करता देखना चाहते हैं। डूल ने कहा, यह मुझे बेवकूफी भरा लगता है, लेकिन अगर जायसवाल बाहर होते हैं, तब आप पास 3 पर संजू, 4 पर सूर्यकुमार, 5 और 6 पर दुबे और रिंकू, 7 पर जड़ेजा हो सकते हैं।

पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर भाला फेंकना चाहते है नीरज

नई दिल्ली । भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अभी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे है और उनका लक्ष्य इस बार 90 मीटर भाला फेंकना है । नीरज ने कहा कि जिस प्रकार से उनकी तैयारियां चल रही हैं । उसको देखते हुए वह ये आंकड़ा कुछ ही समय में हासिल कर लेंगे । चोपड़ा का इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका 89.94 मीटर का थ्रो रहा है । अभ्यास के दौरान वह 90 मीटर तक भाला फेंक चुके हैं पर किसी प्रतियोगिता में वह अभी तक इस आंकड़े तक नहीं पहुंचे हैं । नीरज ने कहा कि मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा । उम्मीद करता हूं कि ये लक्ष्य ओलंपिक से पहले हासिल हो जाएगा। वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है, इसलिये लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाये ।।'' साथ ही कहा कि उनका अभ्यास अच्छा चल रहा है और इस दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर ध्यान लगाया है । उन्होंने कहा, ''सत्र की शुरूआत में ध्यान फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी । मुझे लगता है कि इससे मेरी तकनीक में काफी सुधार हुआ । साथ ही दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में भी 'स्ट्रेंथ' एंव अनुकूलन ट्रेनिंग का भी मुझे लाभ मिला है ।'' चोपड़ा ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक में सहायता मिलेगी । साथ ही कहा कि यह मेरा दूसरा ओलंपिक है, इसलिये इस बार मैं पेरिस के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हूं । जहां तक मानसिक ट्रेनिंग की बात है तो मैंने ज्यादा कुछ नहीं किया है ।

मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह नहीं मिली है।

भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को टीम में जगह नहीं मिली है।

विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो) को भी टीम में जगह मिली है। हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है।

अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है। अभी तक निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति पंवार (54 किलो) परवीन हुड्डा (57 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं। महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो इटली में 66 किलो में कोटा हासिल नहीं कर सकी जो 60 किलो में उतरेंगी।

टीम =

पुरूष = अमित पंघाल (51 किलो), सचिन सिवाच जूनियर (57 किलो), अबिनाश जामवाल (63.5 किलो), निशांत देव (71 किलो), अभिमन्यु लाउरा (80 किलो), संजीत (92 किलो) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो)

महिला = अंकुशिता बोरो (60 किलो), अरूंधति चौधरी (66 किलो)

पुलिस अधिकारी पर हमला, धमकी के मामले में चार माओवादियों को कठोर कारावास

एर्नाकुलम। केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने चार माओवादियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 2.35 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक आधिकारिक के बयान के अनुसार केरल के एर्नाकुलम में एनआईए की विशेष अदालत ने केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी से संबंधित मामले में दोषी रूपेश को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 2.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एक अन्य दोषी कन्याकुमारी को छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 1.05 लाख रुपये के जुर्माना लगाया गया। एक अन्य आरोपी अनूप को आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 60,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने दोषी इब्राहिम को छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 40,000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामला मूल रूप से वेल्लामुंडा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। बाद में दो जनवरी 2016 को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया था उसके बाद विशेष अदालत ने सुनवाई पूरी कर चारों माओवादियों को सश्रम कारावास की सजा और जुमार्ना लगाया है।

सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकाने पर मारा छापा, हथियार व गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादी ठिकाने का छापा मारकर वहां से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के सोगाम इलाके में गांगबुग के वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर वहां तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी अभियान में एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगा वहां छापा मारकर बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों और गोला बारूद में छह यूबीजीएल, पांच हथगोले, 23 चीनी हथगोले, नौ 40-एमएम एमजीएल गोलियां, एक पिस्तौल, नौ पिस्तौल मैगजीन, एक एके-47 राइफल, पांच एके मैगजीन, एक आईईडी आदि शामिल हैं।

200 करोड़ की संपत्ति दान देकर संन्यासी बनने जा रहा कारोबारी

साबरकांठा। गुजरात के कारोबारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति त्याग कर संन्यासी बनने का फैसला लिया है। ये दंपत्ति साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर का रहने वाला है। इन बिजनेसमैन का नाम भावेश भाई भंडारी है। उनके पास 200 करोड़ से ज्यादी की सपंत्ति है,जिसे उन्होंने दान देकर सांसारिक मोह का त्याग कर संन्यास लेने का फैसला कर लिया है।कारोबारी भावेश का जन्म गुजरात के संपन्न परिवार में हुआ। वह अक्सर जैन समाज के दीक्षार्थियों से भेंट करते रहते थे। भावेश भाई और उनकी पत्नी से पहले उनके 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी भी साल 2022 में सांसरिक मोह त्याग कर दीक्षार्थी बन गए थे। अब भावेश भाई और उनकी पत्नी ने भी इसी रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने अपनी 200 करोड़ रुपए की संपत्ति का त्याग कर दिया है और कंस्ट्रक्शन के बिजनेस के साथ-साथ अन्य कामकाज को भी छोड़ दिया है। बता दें, अहमदाबाद में 35 मुमुक्षु 22 अप्रैल को जैन दीक्षा ले रहे हैं। मुमुक्षु उस व्यक्ति के लिए एक संस्कृत शब्द है जो मुक्ति प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है और ज्ञान और सत्य का साधक है। सूत्रों ने बताया कि जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के 2,550 वर्ष के उत्सव के हिस्से के रूप में 35 मुमुक्षु 22 अप्रैल के शुभ दिन पर संसार त्याग कर भगवान महावीर के पंथ के ऊपर विजय प्रस्थान करने जा रहे हैं।

शिक्षक भर्ती घोटाले में 230 करोड़ की संपत्ति जब्त

कोलकाता।पूरे देश में चर्चित रहा पश्चिम बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला आज भी चर्चा में हैं। कथित सहायक शिक्षकों की भर्ती घोटाले के आरोपियों के खिलाफ ताजा कार्रवाई में ईडी ने 230 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। इसमें मुख्य रूप से डब्ल्यूबी स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा और बिचौलिए प्रसन्ना रॉय की संपत्ति शामिल है। ईडी ने दोनों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार रॉय उम्मीदवारों से कथित तौर पर धन और विवरण इकट्ठा करने में शामिल थे। घोटाले में पहले पार्थ चटर्जी को अरेस्ट किया गया था। उनकी गिरफ्तारी उन आरोपों के बाद भी हुई। जिनमें कहा गया था कि उम्मीदवारों ने सिलेक्शन टेस्ट में फेल होने के बाद सिलेक्शन के लिए 5 से 15 लाख रुपए तक की रिश्वत ली गई। उस वक्त पार्थ चटर्जी के शिक्षा मंत्री रहने के दौरान हुआ था। जुलाई 2022 में ईडी ने चटर्जी और उसकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया। तब भी काफी कैश बरामद किया गया था।ईडी के अनुसार स्कूल सेवा आयोग के अधिकारियों की साजिश के तहत 2,000 से अधिक अयोग्य शिक्षकों को सहायक शिक्षक के पद पर कक्षा 9 से 12 के लिए नियुक्त किया गया था। राज्य में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के मामले में ईडी पहले ही 135 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है, जिससे दो शिक्षक भर्ती घोटालों में कुल कुर्की 365 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। कुर्क की गई संपत्तियों में पाथरघाटा में 96 कोट्टा, सुल्तानपुर में 117 कोट्टा, महेशतला में 282 कोट्टा और न्यू टाउन में 136 कोट्टा जमीन शामिल है, ये सभी संपत्तियां रॉय और उनकी फर्जी संस्थाओं के स्वामित्व में हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

बोरवेल में गिरे बच्चे को बचाने 15 घंटे से रेस्क्यू जारी

– शुक्रवार रात बारिश होने से रेस्क्यू में आई परेशानी, 8 से 10 जेसीबी खुदाई कर रही

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा में बोरवेल में गिरे मासूम को बचाने के लिए लगभग 15 घंटे से ज्यादा समय से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। शुक्रवार को छह साल का मासूम बोरवेल में गिर गया था। रात से लगातार 8 से 10 जेसीबी खुदाई के काम में लगी हैं, लेकिन अभी तक बच्चे को बाहर नहीं निकाला जा सका है। रीवा जिले में रात में हुई बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। जानकारी के अनुसार, अभी तक बच्चे की कोई मूवमेंट नहीं दिखाई दी है। बताया जा रहा है कि बच्चा करीबी 160 फीट गहराई में फंसा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे मनिका गांव की है। शुक्रवार को बच्चा जब खेल रहा था तभी अचानक खुले बोरवेल में गिर गया। रीवा की जिलाधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एसडीईआरएफ) की एक टीम को बच्चे को बचाने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है। पु?लिस अ?धिकारी ने बताया कि एक पाइप के माध्यम से बोरवेल के अंदर ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। बच्चे की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक सीसीटीवी कैमरा भी बोरवेल के भीतर भेजा गया। फिलहाल कैमरा बच्चे के नजदीक तक नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि बोरवेल करीब 160 फीट गहरा है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे को बचाने के लिए बोरवेल के समानांतर एक गड्ढा खोदा जा रहा है। एनडीआरएफ की एक टीम को वाराणसी से भी रेस्क्यू के लिए बुलाया गया है। बेमौसम बारिश के कारण भी बच्चे को बचाने के अभियान में दिक्कत आई है। छह साल का मयूर पिता विजय आदिवासी शुक्रवार की शाम खेत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वह खेलते-खेलते खुले में बोरवेल के पा पहुंच गया और उसमें गिर गया।

यौन उत्पीड़न के बाद बच्ची की हत्या

मुंबई। दक्षिण गोवा के वास्को शहर में एक निर्माण स्थल पर मृत पाई गई बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार उसका यौन उत्पीड़न किया गया था। पुलिस अधिकारी ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मीडिया कर्मियों को बताया कि साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी गई। हमने निर्माण स्थल पर काम करने वाले लगभग 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है और हम आगे की जांच कर रहे हैं। वास्को थाने में मामला दर्ज किया गया है।

सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें ईरान-इजराइल यात्रा से परहेज करें

ईरानी धमकी के बाद भारत ने जारी की अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजराइल-हमास युद्ध के बीच ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। हमले को लेकर ईरान धमकी दे चुका है वह भी हमले का जवाब देगा इसको लेकर इजराइल भी अलर्ट है और अमेरिका की भी चिंता बढ़ गई और अमेरिका ने भी कल ही अपने नागरिकों से कहा था कि वह इजराइज जाने से बचे। अब ईरानी धमकियों के बीच भारत ने भी अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा है कि ईरान या इजराइल की यात्रा करने से परहेज करें।

वहीं तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अपनी सुरक्षा को लेकर ज्यादा सतर्क रहें और अपनी गतिविधियां भी कम से कम रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा करने से परहेज करें क्योंकि हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान जल्द ही इजरायल पर हमला कर सकता है। बता दें कि सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। इसी तनाव को देखते हुए जो बाइडेन का यह बयान दिया था। ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले की इजराइल ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इजरायल की रक्षा के लिए उसके साथ खड़ा है, जैसा कि लेबनानी समूह हिजबुल्लाह द्वारा शुक्रवार को इजरायली तोपखाने पर दर्जनों रॉकेट दागे थे जिसके बाद अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अतिरिक्त रक्षा संपत्ति स्थानांतरित करने से प्रमाणित हुआ था। मालूम हो कि ईरान समर्थित लेबनानी समूह ने कहा कि हिजबुल्लाह मिसाइल हमला दक्षिण में इजरायली हमलों के जवाब में था।

पूर्णिया सीट से लड़ रहे पप्पू यादव पर मुकदमा दर्ज

पूर्णिया। बिहार के कद्दावर नेता पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में उनकी अपनी पकड़ है। पप्पू कांग्रेस के नेता है लेकिन चुनाव निर्दलीय लड़ रहे हैं। यादव ने आरोप लगाया कि बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के इशारे पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। यादव ने पिछले महीने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय इस उम्मीद से किया था कि उन्हें पूर्णिया सीट से पार्टी का टिकट मिलेगा। पप्पू यादव ने 1990 के दशक में तीन बार पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि यह सीट कांग्रेस की सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के खाते में चली गई, जिसने जदयू से पाला बदल कर आई बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बता दें कि कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के पति यादव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में ताल ठोक रहे हैं। पूर्णिया में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होगा। कांग्रेस में शामिल होने के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फपप्पू यादव पर शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। बिहार में पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ रहे यादव के खिलाफखजांची हाट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खजांची हाट थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार के अनुसार, यादव पर उन अधिकारियों को धमकी देने का आरोप लगाया गया है, जो बृहस्पतिवार देर रात उनके आवास पर गए थे। अंचल अधिकारी (पूर्व) संजीव कुमार शर्मा द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के अनुसार, यादव के चुनाव अभियान में शामिल एक वाहन को कलेक्ट्रेट के करीब कागजात दिखाने के लिए रोकने की कोशिश की गई तो वह वाहन चालक गाड़ी को भगाते हुए यादव के आवास पर ले गया और वहां खड़ा कर दिया। जब अधिकारी वहां पहुंचे तो पप्पू यादव ने कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

राहुल गांधी ने दिया मैसूर पाक, तमिलनाडु सीएम स्टालिन हुए गदगद

–मेरे भाई के मीठे भाव से प्रभावित और अभिभूत हूं, इंडिया गठबंधन की होगी सुखद जीत

चेन्नई, (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुन्नेत्र कणगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कहा कि इस लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन जीत हासिल करेगा और केंद्र में अपनी सरकार बनाएगा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन चार जून को सुखद जीत हासिल करेगा। स्टालिन शुक्रवार को तमिलनाडु आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मैसूर पाक प्राप्त करने पर अभिभूत थे। स्टालिन ने कहा कि उनके प्यारे भाव ने उन्हें भावविभोर कर दिया। स्टालिन और राहुल गांधी ने कोयंबटूर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। स्टालिन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राहुल गांधी कोयंबटूर में स्टालिन लिए मैसूर पाक खरीदने सड़क के डिवाइडर को फांदकर मिठाई लेने दुकान की ओर जाते नजर आ रहे हैं।

स्टालिन ने आगे लिखा- ''मेरे भाई राहुल गांधी के इस प्यारे भाव से वह भावविभोर हो गए हैं। चार जून को 'इंडिया' गठबंधन निश्चित तौर पर जीत हासिल करेगा। सोशल मीडिया पर सामने आये वीडियो में राहुल गांधी को सड़क के डिवाइडर को फांदते और मिठाई की दुकान में तेजी से जाते देखा गया था। जब दुकानदार ने राहुल गांधी से पूछा कि वह क्या खरीदना चाहेंगे, तो वह विक्रेता से यह कहते सुने गए, मुझे अपने भाई स्टालिन के लिए मैसूर पाक चाहिए। इसके बाद दुकानदार ने उन्हें मैसूर पाक चखाया और उसे चखने के बाद, राहुल ने पैसे भी दिए और दुकानदार को धन्यवाद भी दिया। राहुल ने इसके साथ ही दुकान के कर्मचारियों के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई। बाद में राहुल गांधी स्टालिन के पास जाते हैं और उन्हें मिठाई भेंट करते हैं, जिसे स्टालिन स्वीकार करते हैं। कांग्रेस ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि राहुल गांधी ने स्टालिन को प्रसिद्ध मैसूर पाक उपहार में दिया तथा यह तमिलनाडु के लोगों के साथ उनके मधुर संबंधों का प्रतीक है। तमिलनाडु के लोगों स्टालिन और राहुल के प्यार भरे रिश्ते का जश्न भी मनाया।

भावुक हुए एमके स्टालिन

राहुल गांधी का उपहार पाकर स्टालिन काफी खुश हुए। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर भी भावुक पोस्ट किया और उन्हें अपना भाई बताया। उन्होंने लिखा, मेरे भाई राहुल गांधी के मीठे भाव से प्रभावित और अभिभूत हूं, 4 जून को इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से एक प्यारी जीत दिलाएगा! गौरतलब है कि तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके, इंडी गठबंधन एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य की 39 सीटों में से 9 सीटें कांग्रेस के हिस्से में है, जबकि बाकी सीटों पर डीएमके एवं गठबंधन की अन्य पार्टियां अपने उम्मीदवार की घोषणा करेंगी।

बाबासाहेब का हर बार कांग्रेस ने किया अपमान...उन्हें चुनाव तक हरवा दिया: अनुराग ठाकुर

नागपुर (एजेंसी)। कांग्रेस लगातार बीजेपी पर संविधान बदलने का आरोप लगाती है। कांग्रेस के आरोपों पर जबाव देने बीजेपी के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर खुद आगे आए हैं। नागपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कांग्रेस के संविधान बदलने के आरोप को सिरे से खारिज कर कांग्रेस पर संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर का तिरस्कार करने का आरोप लगा दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान एक या दो बार नहीं, बल्कि 62 बार संविधान को अपनी सहूलियत के अनुसार संशोधन किया।

इतना ही नहीं, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान कभी-भी बाबासाहेब आंबेडकर को भारत रत्न देने की कोशिश की नहीं। बीजेपी जब सत्ता में आई, तब बाबासाहेब को भारत रत्न दिया गया, इससे कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर की राजनीति में भूमिका को शून्य करने के लिए उन्हें चुनाव में पराजित करवाया। इसके अलावा उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अलग-अलग समय पर संविधान में संशोधन किया। 17 बार नेहरू ने, 33 बार इंदिरा गांधी ने, 7 बार मनमोहन सिंह ने संविधान में संशोधन किया। इसके बाद कांग्रेस के पास हम पर यह आरोप लगाने का नैतिक अधिकार बिल्कुल भी नहीं है कि हम संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

बीजेपी द्वारा उठाए गए कदमों को कांग्रेस संविधान के साथ खिलवाड़ बता रही है। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र ने निरस्त किया, तब कांग्रेस ने इस संविधान के साथ खिलवाड़ बताया। हाल ही में केंद्र द्वारा अधिसूचित किए गए नागरिकता संशोधन कानून को भी कांग्रेस ने संविधान की मूल आत्मा के साथ खिलवाड़ बताया था।

नीतीश कुमार की आंखों में खटक रहा है लालू का वंशवाद

नवादा (एजेंसी)। कभी राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के साथ गलबहियां डालकर नीतीश कुमार घूमा करते थे। अब उस वक्त उनमें कोई कमियां नीतीश को नजर नहीं आई। अब नतीश को लालू का वंशवाद खटकने लगा है। वे चुनावी सभाओं में दावे के साथ कह रहे है कि कि उन्होंने अपने एक भी परिवार के सदस्य को राजनीति में आगे नहीं बढ़ाया है लेकिन लालू हर एक चुनाव में अपना एक बेटा या बेटी को आगे कर देते हैं। नीतीश कुमार ने नवादा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं 18 साल से शासन में हूं, लेकिन अपने परिवार से कितने लोगों को आगे बढ़ाया। ये लोग (लालू परिवार) जब भी सत्ता में आते हैं, अपने परिवार बेटा-बेटी को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं। आज एक ही परिवार से कितने लोग चुनाव लड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, कोई जानता है हम लोग के परिवार को लेकिन अब देख लीजिए इन लोगों को जो मौका मिलता है तो पति-पत्नी, बाल-बच्चा, बेटा-बेटी इन्हीं सब को आगे बढ़ा रहा है। मैं सब जाति के लोगों से कहूंगा और जो लोग अपना-अपना जात कह रहे हैं तो उनको भी कहेंगे कि आपको क्यों नहीं आगे बढ़ा रहा है सिर्फ अपने परिवार को ही क्यों आगे बढ़ा रहा है।नीतीश कुमार ने कहा, राजद शासन के दौरान, पति-पत्नी (लालू और राबड़ी देवी) ने 15 वर्षों तक बिहार पर शासन किया। उस दौरान राज्य में पूरी तरह अराजकता थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2005 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से कानून और व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले लोग शाम होने के बाद घर से निकल नहीं पाते थे लेकिन अब देर रात बिना भय के कहीं भी आ जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र उनकी सरकार को यथासंभव सहयोग दे रहा है।

दिल्ली सीएम केजरीवाल को जेल में किया जा रहा प्रताड़ित: संजय सिंह

–जेल प्रशासन आमने-सामने मिलने की नहीं दे रहा इजाजत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह जो हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। संजय सिंह ने आज प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए कि जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को प्रजाड़ित किया जा रहा है।

संजय सिंह ने शनिवार सुबह एक प्रेसवार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में प्रताड़ित किया जा रहा है। सिंह ने पत्रकारों से कहा, कि उनका मनोबल तोड़ने के लिए ऐसी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार और जैसा कि जेल मैनुअल में उल्लेख है कि जेल प्रशासन को जेल में बंद लोगों से मिलने आने वालों को आमने-सामने मिलने देने का अधिकार दिया गया है। हालांकि केजरीवाल की पत्नी को अपने पति से आमने-सामने मिलने की अनुमति नहीं है।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन केजरीवाल की पत्नी को उनसे मुलाक़ात नहीं करने दे रहा है, कहा जा रहा कि जंगले के इधर-उधर बैठकर मुलाक़ात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं ज़िम्मेदारी से कह रहा हूं कि खूंखार अपराधियों की मुलाक़ात भी बैरक में ही होती है, लेकिन तीन बार के चुने मुख्यमंत्री की मुलाक़ात जंगले से कराई जा रही है, ये प्रताड़ना नहीं तो क्या है। संजय ने आगे कहा कि दूसरी घटना है कि जेल ने पहले टोकन नंबर 4152 जारी कर कहा कि केजरीवाल से संजय सिंह और भगवंत मान की मुलाकात कराई जाए। फिर रात को मेल आया कि सुरक्षा कारणों के चलते उनकी मुलाकात नहीं कराई जा सकती है। जेल प्रशासन ने भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल की मुलाकात जंगले से कराने की इजाज़त दी है। जेल प्रशासन पंजाब के सीएम भगवंत मान और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को अपमानित करना चाहते हैं। ये उनका मनोबल तोड़ना चाहते हैं। सांसद संजय सिंह ने आगे कहा कि मैं दिल्ली का सांसद हूं और मेरी मुलाक़ात रद्द कर दी गई है, मैं सांसद होकर भी मुख्यमंत्री से नहीं मिल सकता। इसी जेल में जब सहारा के मालिक सुब्रत राय बंद थे तो बैठकर मीटिंग होती थी। फोन और इंटरनेट के ज़रिए बैठकों की इजाज़त थी लेकिन केजरीवाल को इजाज़त नहीं है। केजरीवाल से इतना डर लगता है कि आप हर पल प्रताड़ना दे रहे हैं.

एमवीए में सीट बंटवारे को लेकर मुंबई कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं में नाराजगी

– खरगे को पत्र लिखकर कहा पार्टी को नुकसान होगा

मुंबई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर भले ही कांग्रेस हाईकमान खुश हो, लेकिन मुंबई व महाराष्ट्र के बहुत सारे कांग्रेस नेता, और पदाधिकारी इस सीट बंटवारे से नाराज हैं। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। मुंबई कांग्रेस महासचिव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व सदस्य विश्वबंधु राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर चेताया है कि एमवीए में सीट बंटवारे से कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान होगा, जिसकी कीमत पार्टी को आने वाले दिनों में चुकानी होगी। पत्र में राय ने कहा कि उन्होंने महा विकास अघाड़ी गठबंधन को बहुत पहले ही कांग्रेस के लिए खतरा बताया था। आज इस बंटबारे से यह बात सिद्ध हो चुकी है। जिस उद्धव सेना को लोग छोड़कर जा रहे हैं,उस पार्टी को 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका देना सबसे बड़ी कमजोरी है। जहां कांग्रेस निश्चित ही जीत सकती है,वहां सीट नहीं दी। बल्कि कांग्रेस को ऐसी सीटें दी गईं, जिस पर जीतना पार्टी के लिए लोहे के चने चबाने जैसा है। कांग्रेस नेता विश्वबंधु ने लिखा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई है, लेकिन अब तक मुंबई में जिलाध्यक्षों ने बूथ कमिटी का गठन नहीं किया है।लोकसभा चुनाव का प्रचार जारी हैं, लेकिन जमीन पर इंडिया गठबंधन नहीं है। हम चुनाव जीतने की तैयारी में नहीं हैं। एमवीए के नेता एकदूसरे के वोट बैंक के भरोसे बैठे हैं। उन्होंने पार्टी में हिंदी भाषी हिंदू नेताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। एमवीए की संयुक्त प्रेसवार्ता में भिवंडी लोकसभा क्षेत्र से एनसीपी के सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा को उम्मीदवार बनाने की घोषणा के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे नहीं हट रहे हैं। इस लेकर यहां के कांग्रेसियों में खासी नाराजगी है। हालांकि भिवंडी लोकसभा सीट को कांग्रेस की पारंपरिक सीट बताकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अब भी भिवंडी सीट से अपनी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इस कारण ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दयानंद चोरघे ने भविष्य को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी, जिसमें ठाणे जिला ग्रामीण के शाहपुर, मुरबाड एवं बदलापुर सहित सभी तालुका अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान चोरघे ने कहा कि जिलाध्यक्ष होने के नाते उन्हें जिले के पदाधिकारियों की बैठक बुलाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारियों द्वारा भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में दो दिन सर्वेक्षण करके रायसुमारी ली जाएगी। इसके बाद सभी पदाधिकारी कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में जाकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस सीट से नौ बार जीती है। 2014 एवं 2019 में कांग्रेस पार्टी हारी जरूर थी, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा था। 2014 में मात्र एक लाख वोट से कांग्रेस हारी थी। उन्होंने कहा कि सुरेश टावरे ने मात्र 22 दिन प्रचार करके पांच लाख मत हासिल किए थे।

propre
Luxury Real Estate

NEED A REAL ESTATE AGENT

CONSULT WITH US

25 YEARS IN THE
INDUSTRY EXPERIENCE

+91 9871577057

@propreluxuryrealestate

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in